हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

गृहमंत्री दे गए कई सौगात

आज गीता की भूमि हरि की भूमि हरियाणा पर आकर आप सबसे मिलकर बहुत अच्छा लगा

# हरियाणा के किसान, जवान व खिलाड़ियों ने हमेशा बढ़ाई तिरंगे की शान : शाह

- *पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सहकारी सम्मेलन में हुए शामिल*
- *5061 पुलिस जवानों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया, टुकड़ियों को सलामी भी दी*
- *250 ई लाइब्रेरी का शुभारंभ किया, वाजपेयी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म देखी*
- *वीर बाल दिवस पर कराए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भी की शिरकत*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| पंचकूला

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को हरियाणा दौरे पर पहुंचे। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सहकारी सम्मेलन में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गीता की भूमि हरि की भूमि हरियाणा पर आकर आप सबको मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है। हरियाणा ने हमेशा देश की खाद्य सुरक्षा दूध उत्पादन और खेलों में पदकों की झड़ी लगाने का काम किया है। मोर्चा कोई भी है मैदान कोई भी हो, हरियाणा का किसान, जवान और खिलाड़ी ने हमेशा तिरंगे को शान से उठाने का काम किया है। पहले अमेरिका से खाने के लिए लाल गेहूं मंगाने पड़ते थे, लेकिन आज हरियाणा और पंजाब के कारण पूरे देश को खाना मिल रहा है। पंजाब के कारण पूरे देश को खाना मिल रहा है। आबादी के अनुपात में सबसे ज्यादा जवान हरियाणा के हैं।

*(संबंधित खबर पेज-2 पर)*



### एकाध महीने में लाएंगे भारत टैक्सी

अमित शाह पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में सहकारी सम्मेलन में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि मैं आज एक और बात करके जाता हूं। कई सारी कंपनियां टैक्सियों का काम करती हैं। हम एकाध महीना में भारत टैक्सी लाएंगे, जिसका पूरा मुनाफा सीधे लोगों की जेब में जाएगा। इससे एक बड़े वर्ग ड्राइवर को पूरा मुनाफा मिलेगा। ग्राहकों की भी सुविधा बढ़ेगी।

### पुलिसकर्मियों पर आतंरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी

शाह ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी आतंरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी होने वाली है। जब गवाही व्यक्ति के आधार पर होती है तब आपकी पेश की गई गवाही खरी उतरेगी कि नहीं, इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं होती है, लेकिन इसमें जब तकनीक का प्रयोग किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी होती है। आज पुलिस पहले के मुकाबले कई गुना ताकतवर हो चुकी है।

### जल्द ही 6000 पुलिस जवान भर्ती होंगे : सैनी

सीएम नायब सैनी ने कहा कि हम जल्द ही प्रदेश में 6 हजार नए पुलिस जवान भर्ती करने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि इनमें 1000 महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी। इस समय हरियाणा पुलिस देश के अग्रणी पुलिस बलों में से एक है। 14 फरवरी को हरियाणा पुलिस को राष्ट्रपति कलर से नवाजा गया है। आपकी प्रेरणा से हमारा पुलिस और सक्षम हुआ है।

### पैक्स के लिए 15 लाख रुपये की लिमिट जीरो प्रतिशत ब्याज पर होगी

मुख्यमंत्री सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में पैक्स के लिए 15 लाख रुपये की लिमिट जीरो प्रतिशत पर दी जाएगी। यह लोन सहकारी बैंकों द्वारा दिया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा 10 प्रतिशत का ब्याज राहत उन पैक्सों की दी जाएगी, जो समय पर ऋण का भुगतान करेंगी। हम विश्वास दिलाते हैं कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।






पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, वे भारत में सुशासन के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं। उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यवहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार लाना और विशेष रूप से गरीबों तथा वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का हरियाणा से विशेष लगाव था।

# सुशासन की राह पर अग्रसर हरियाणा




जयंती विशेष
नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

सुशासन दिवस के अवसर पर मैं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सादर नमन करता हूं, जो सुशासन और जन-कल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं। सुशासन—जिसका मूल अर्थ है समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सार्वजनिक कार्यों और संसाधनों का प्रभावी, पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी प्रबंधन। हरियाणा सरकार का मूल मंत्र भी यही रहा है और आज भी बना हुआ है। ई-गवर्नेंस के मार्ग पर चलते हुए, बीते ग्यारह वर्षों में हमारी सरकार द्वारा प्रशासन के आधुनिकीकरण, समयबद्ध और बाधारहित सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, वे भारत में सुशासन के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं।

उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यवहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार लाना और विशेष रूप से गरीबों तथा वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का हरियाणा से विशेष लगाव था। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर हरियाणा का दौरा और प्रवास किया। यह बड़े ही संयोग की बात है कि 24 दिसंबर, 1987 के ही दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भी पधारे थे। भारत रत्न वाजपेयी की सोच से प्रेरणा लेते हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए-जिसके अनुसार सुशासन के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी आवश्यक है तथा ई-गवर्नेंस इसका प्रमुख साधन है- हरियाणा सरकार ने व्यापक नीतियों में सुधार किए हैं।

इन सुधारों का उद्देश्य प्रशासन को जनता की आवश्यकताओं और सुविधा के अनुरूप बनाना, सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाना, सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराना, भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करना तथा दलालों और बिचौलियों को पूरी तरह समाप्त करना है। हमारा मानना है कि नीतिगत निर्णय हितधारकों की नब्ज टटोलने के बाद लिए जाते हैं। सार्वजनिक हित की सेवा के लिए कानून के शासन और सहभागिता के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए निर्णय लिए जाते हैं, जिससे समान विकास और नागरिकों का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। ऐसे वातावरण के निर्माण के प्रयास किए गए हैं जिसमें सभी नागरिकों—विशेषकर पिछड़े वर्गों- को अपनी बात रखने का अवसर मिले और उन्हें समान अवसर प्राप्त हों। राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सामान्य व्यक्ति के लिए



जीवन को सरल बनाना और उद्योग के लिए कारोबार करना आसान बनाना हमारा लक्ष्य है। भारत को ई-गवर्नेंस के माध्यम से रूपांतरित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने और लोगों तथा कल्याणकारी योजनाओं के बीच की दूरी को शून्य करने के लिए अनेक ई-हस्तक्षेप किए गए हैं जिससे आज हरियाणा में अधिकांश सेवाएं केवल एक क्लिक की दूरी पर हैं।

सुशासन सुधारों ने लोगों को उनके घर बैठे या नजदीकी सामुदायिक सेवा केंद्रों पर जाकर सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। प्रमुख योजना परिवार पहचान-पत्र (पीपीपी) के माध्यम से अब अधिकांश योजनाओं का लाभ स्वतः लोगों तक पहुंच रहा है और डीबीटी योजना के तहत राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा हो रही है। जैसे ही कोई व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक बनता है, उसकी पेंशन स्वतः खाते में जमा हो जाती है, संपत्ति के सौदे ऑनलाइन पंजीकृत किए जा रहे हैं (अब तक 50,000 हो चुके हैं), किसानों को खरीदी गई फसलों का भुगतान अब 72 घंटों के बजाय 48 घंटों में मिल रहा है, और सभी कर्मचारियों के स्थानांतरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं। वर्षों से अनसुलझे मामलों को सुलझाने में सक्षम फोरेंसिक व्यवस्था से लेकर एआई-सक्षम आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों तक, महिलाओं की सुरक्षा पहलों से लेकर परिणामोन्मुख साइबर अपराध नियंत्रण तक-हरियाणा पुलिस मानवीय दृष्टिकोण के साथ नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में नए मानक स्थापित कर रही है।

नवाचार, पारदर्शिता और नागरिक-प्रथम रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हरियाणा पुलिस ने अगस्त 2025 में राष्ट्रीय प्रदर्शन रैंकिंग में 100 का पूर्ण स्कोर प्राप्त किया है और अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ये पहलें अलग-थलग प्रयास नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं जिसके अंतर्गत सेवा वितरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक को एक उपकरण के रूप में अपनाया गया है, ताकि सेवा प्राप्त करने वाले और सेवा देने वाले के बीच का संपर्क न्यूनतम हो। हरियाणा का तकनीक-संचालित शासन मॉडल दर्शाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म किस प्रकार जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए नागरिकों को सशक्त बना सकते हैं। भूमि और राजस्व अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक मील का पत्थर साबित हुआ है। करोड़ों पृष्ठों के राजस्व अभिलेखों को स्कैन, सत्यापित और डिजिटाइज करके हरियाणा ने न केवल महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संरक्षित किया है, बल्कि नागरिकों के लिए उनकी आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित की है। इससे विवादों और मुकदमों में कमी आई है, विश्वास बढ़ा है और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सुव्यवस्थित हुई हैं।

आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड कक्षों की स्थापना से संस्थागत क्षमता और मजबूत हुई है। पंजीकरण सेवाओं के डिजिटलीकरण और ई-स्टांपिंग प्रणाली के कारण नागरिकों को त्वरित सेवाएं, कम कागजी कार्रवाई और अधिक जवाबदेही का अनुभव हो रहा है। प्रभावी भूमि शासन आर्थिक स्थिरता और सामाजिक न्याय की आधारशिला है। भूमि स्वामित्व को आर्थिक समावेशन और ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए, हरियाणा ने स्वामित्व योजना लागू की है, जो संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करने की एक परिवर्तनकारी पहल है। संपत्ति कार्ड जारी होने से भूमि मालिकों को संस्थागत ऋण तक पहुंच मिली है। यह सुधार न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि परिवारों के लिए कानूनी निश्चितता और सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करता है। चूंकि सुशासन पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित होता है, हरियाणा ने प्रशासनिक प्रणालियों को अधिक पारदर्शी, सुलभ और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पंजीकरण कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया गया है और ई-दिशा केंद्रों के माध्यम से सेवाओं का विकेंद्रीकरण कर उन्हें घरों के नजदीक लाया गया है। वेब-आधारित प्लेटफॉर्म की शुरुआत से कार्य के जल्द निपटान में तीव्रता आई है और निगरानी में सुधार हुआ है। अब नागरिक अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं, अभिलेखों तक पहुंच सकते हैं और अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं के बिना सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। निस्संदेह, इन सुधारों ने जनता और सरकार को और करीब लाया है।

सार्वजनिक प्रशासन में उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2025 शुरू की है, ताकि असाधारण समर्पण और नवाचारी कार्यशैली का प्रदर्शन करने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन और सम्मान दिया जा सके।

यह तो केवल हरियाणा सरकार की ओर से एक शुरुआत है। राज्य सरकार जनता की बेहतर सेवा के लिए सुधारों की गति को और तेज करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हरियाणा सुशासन के राजमार्ग पर आगे बढ़ रहा है, और इस विकास यात्रा को यूं ही नभ शिखर की ओर ले जाने के लिए हमारी सरकार संकल्प शक्ति से विकास समृद्धि की ओर कदम दर कदम आगे बढ़ती जाएगी। हमारा संकल्प ही हमारा सुशासन है। राज्य के विकास और पारदर्शी शासन को सफल बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने क्रिसमस की शुभकामनाएं दी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बुधवार को क्रिसमस के पवित्र अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि सभी को क्रिसमस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, प्रेम, आशा और सौहार्द का यह पर्व आपके घरों में शांति और आपके दिलों में खुशियां लाए।



### दिग्विजय ने भर्तियों पर उठाया सवाल

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा की भर्ती प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, सामान्य वर्ग और पूरी जनता के साथ सरकार खुला धोखा कर रही है। हाल ही में आए अंग्रेज़ी असिस्टेंट प्रोफेसर के परिणामों ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया है।

### कांग्रेस नेशनल टैलेंट हंट में युवाओं का चयन



**चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आयोजित नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के अंतर्गत चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रतिभावान युवाओं के अंतिम साक्षात्कार आयोजित किए गए। देशभर से चयन की विभिन्न प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पार करने के बाद चयनित उम्मीदवार अंतिम चरण के लिए चंडीगढ़ पहुंचे। अंतिम साक्षात्कार प्रक्रिया हेतु हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद चंडीगढ़ मुख्यालय पहुंचे।इस मौके पर चयन समिति ने उम्मीदवारों की योग्यता, क्षमता, वैचारिक समझ और संगठनात्मक दृष्टिकोण का गहन एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया।

### चूहड़ माजरा के लिए 21 लाख देने का ऐलान

**चंडीगढ़।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरु ब्रह्मानंद महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में उनके पैतृक चूहड़ माजरा (जिला कैथल) के सर्वांगीण विकास के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की है। स्वास्थ्य कारणों वश राज्य स्तरीय समारोह में शामिल न हो पाने के बावजूद उन्होंने गुरुजी की जन्मस्थली के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए यह घोषणा की। यह राशि गांव में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय की जाएगी। पंवार ने बताया कि चूहड़ माजरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण सहित अनेक जनप्रतिनिधि और संत-महात्मा उपस्थित रहे और उन्होंने गुरु ब्रह्मानंद जी के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद का संदेश अमर है।

अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, पुष्पवर्षा कर जवानों का बढ़ाया मनोबल

# नशे के खिलाफ पुलिस की भूमिका सराहनीय महिला कर्मियों की संख्या 25% करने का लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क से हरियाणा पुलिस के बैच संख्या-93 के जवानों द्वारा आयोजित अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की स्मृति में आयोजित यह दौड़ एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रेरणास्पद प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस में महिलाओं की भागीदारी मात्र 3 प्रतिशत थी, जो आज बढ़कर 10 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। राज्य सरकार ने इसे आगामी वर्षों में 25 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान में हरियाणा पुलिस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

■ पुलिस के जवानों ने उत्साह से हिस्सा लिया



### समाज को जागरूक करेंगे जवान : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव प्रशिक्षित जवान इस अभियान के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौड़ 39 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण की सफल पूर्णता का प्रमाण है तथा पुलिसिंग और कर्मयोगी पाठ्यक्रम के उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने की शुरुआत है, जिन्हें जवानों ने प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है। इस दौड़ में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए 4,252 जवान तथा शहरी पृष्ठभूमि के 809 जवान एक साथ कदमताल कर रहे हैं, जो पूरे हरियाणा की सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैच की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि लगभग 85 प्रतिशत जवान स्नातक एवं स्नातकोत्तर हैं। इनमें से 2,390 जवान (50 प्रतिशत से अधिक) 26 वर्ष से कम आयु के हैं, जो हरियाणा पुलिस में नई ऊर्जा, आधुनिक दृष्टिकोण और कार्यकुशलता का संचार करेंगे।

### 1356 जवानों ने रक्तदान किया

उन्होंने कहा कि यह दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि योग, पी.टी. एवं आत्मरक्षा जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विकसित आत्मबल और अनुशासन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि इन जवानों ने 9 अप्रैल 2025 को उत्साहपूर्वक 1356 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।इस अवसर पर कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह, हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिंदर सिंह चावला, उपयुक्त सतपाल शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, बंतो कटारिया, ओम प्रकाश देवीनगर, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट में अब तक 3915 अपराधी पकड़े

चंडीगढ़। दिसंबर माह की शुरुआत से 22 तक चलाए गए राज्यव्यापी 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट' के तहत हरियाणा पुलिस ने संगठित अपराध, नशा तस्करी, अवैध हथियार और साइबर ठगी के नेटवर्क पर अब तक का सबसे व्यापक और परिणामोन्मुख प्रहार किया। इस सघन अभियान में प्रदेशभर में 17285 आपराधिक ठिकानों पर दबिश दी गई, 1736 मुकदमे दर्ज हुए और 3915 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में 837 लंबे समय से फरार खतरनाक अपराधी शामिल हैं। पुलिस की तत्परता से 31 ऐसे हिंसक अपराधी भी काबू किए गए, जो 17 निर्दोष नागरिकों की हत्या की साजिश को अंजाम देने की तैयारी में थे। अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए गए, जिनमें 87 देसी कट्टे, 105 पिस्तौल, 3 रिवॉल्वर, 5 गन/राइफल, 11 मैगजीन तथा 618 जिंदा और 19 खाली कारतूस शामिल हैं।

■ पुलिस ने प्रदेशभर में 17285 आपराधिक ठिकानों पर दबिश डाली

## कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को सेक्टर-1, पंचकूला स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस मौके पर उत्कृष्ट जन सेवा, प्रशासनिक नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित सुधारों के लिए विभिन्न विभागों की टीमों को हरियाणा सुशासन पुरस्कार-2025 देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाले विभागों और उनकी महत्वपूर्ण पहलों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सूची जारी की गई है। चार फ्लैगशिप अवाड्र्स उन परियोजनाओं को प्रदान किए जाएंगे, जिनके कारण शासन प्रणाली में व्यापक और प्रभावी बदलाव आया है।

■ सुशासन दिवस पर पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## फसल बीमा का क्लेम न मिलने से किसान परेशान



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाला मुआवजा अब तक नहीं मिल पाना अत्यंत गंभीर विषय है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में करोड़ों के बीमा क्लेम वर्षों से लंबित हैं, जिससे किसान आर्थिक और मानसिक संकट में हैं। सैलजा ने कहा कि बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं, लेकिन उस समय न तो पर्याप्त प्रशासनिक सहायता मिली और न ही समय पर सर्वे किए गए। अब मुआवज़े के समय फसल कटाई प्रयोग, तकनीकी आपत्तियों और बीमा कंपनियों की प्रक्रियाओं के नाम पर किसानों को उनके हक़ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के अनुसार भिवानी, सिरसा, नूंह और चरखी दादरी जैसे जिलों में बड़ी संख्या में किसानों के बीमा दावे लंबित हैं। कई किसानों ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया गया, वह भटक रहे है।

# अमित शाह ने नायब की पीठ थपथपाई, बताया किसान हितैषी

■ केंद्रीय गृहमंत्री बोले- हरियाणा के किसानों को मिल रहा फसलों का सबसे ज्यादा मूल्य

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर पीठ थपथपा गए। उन्होंने एक वाकया सुनाकर 24 फसलें एमएसपी पर खरीद करने और गन्ने का रेट सबसे ज्यादा दाम देशभर में देने की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शाह ने किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर पैसा खातों में भेज देना भी हरियाणा की उपलब्धि है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को पंचकूला आगमन के मौके पर कृभको के सहकारिता सम्मेलन में निश्चित समय 3.30 के स्थान पर 15 मिनट पहले मंच पर पहुंच गए। पंचकूला में अमित शाह ने सहकारिता सम्मेलन के दौरान हरियाणा की माटी की जमकर प्रशंसा की। गीता के संदेश श्रीकृष्ण की भूमि, खिलाड़ियों के मैडल और किसानों की मेहनत को जमकर सराहा।

### हरियाणा और पंजाब के किसानों ने देश को आत्मनिर्भर बनाया



*अमित शाह ने कहा कि हरियाणा व पंजाब दो ही राज्य इस तरह के हैं, जिन्होंने अमेरिका से आने वाले लाल गेहूं के जाल से बाहर निकालने व आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मोर्चा और मैदान कोई भी हो हरियाणा का किसान, हरियाणा का जवान, हरियाणा के खिलाड़ी ने हमारे तिरंगे को ऊपर उठाने का काम शान से किया है। वो कालखंड जिसमें आबादी कम होने के बाद भी खाने के लिए अमेरिका से लाल गेहूं मंगाना होता था।*

### हरियाणा के लाल सीमाओं पर कर रहे देश की रक्षा

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि तीनों सेनाओं में सबसे ज्यादा जवान देने का काम हरियाणा की वीर माताएं करती हैं, उनकी बहादुरी के कारण ही भारत की सेनाएं दुश्मनों को हर बार मुंह तोड़ जवाब देते हैं। शाह ने बेहद ही भावुक भाषण में कहा कि इतिहास, धर्म, आध्यात्म, परंपरा, संस्कृति से जुड़ा होने वाला हरियाणा बहुत आगे है। छोटा प्रदेश होने के बावजूद हरियाणा की देश के विकास में बड़ी भूमिका है। वहीं देश के प्रधानमंत्री के मंत्र का महत्व भी इशारों ही इशारों में बता गए। उन्होंने तीन बार दोहराया कि मोदी के पीएम बनने से पहले कृषि का बजट 22 हजार करोड़ था। अब 1 लाख 27 हजार करोड़ का है।

### साहिबजादों का बलिदान मानवता के लिए मिसाल

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान सम्पूर्ण मानवता के लिए साहस, आस्था और आत्मसम्मान की अमर मिसाल है। बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने अत्याचार और प्रलोभन के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य के मार्ग को चुना। मुख्यमंत्री वीर बाल दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इससे पहले, अमित शाह और नायब सिंह सैनी ने साहिबजादों के बलिदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज पंचकूला की यह पावन धरा इतिहास, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत गूंज से गूंज रही है। आज का यह दिन भारत की आत्मा को नमन करने का अवसर है।

### भारत रत्न की प्रतिमा का अनावरण



### अटल स्मृति शिविर में 211 लोगों ने किया रक्तदान

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंचकूला में आयोजित अटल स्मृति रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने रक्तदान करने आए रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें फूल देकर और फल भेंट कर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में 211 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

## अतिरिक्त उपायुक्त की अनुपस्थिति में जिला नगर आयुक्त होंगे लिंक अधिकारी-2

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने जिलों में प्रशासनिक कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, अतिरिक्त उपायुक्त के अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी पर होने अथवा स्थानांतरण/सेवानिवृत्ति के कारण पद रिक्त होने की स्थिति में संबंधित जिले के जिला नगर आयुक्त को लिंक अधिकारी-2 नामित किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व लिंक अधिकारी को अनिवार्य रूप से सूचित करेंगे।

## प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग द्वारा 1.95 करोड़ रुपये के पेपर खरीद केस को मिला अप्रूवल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग की हाई पावर परचेज़ कमेटी द्वारा आज एक करोड़ 95 लाख रुपये के पेपर खरीद केस को अप्रूव किया गया। हरियाणा सरकार के सरकारी कामकाज में इस्तेमाल होने वाले इस कागज़ निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट लेने के लिए उम्मीदवारों ने संक्षिप्त प्रस्तुति दी जिसके बाद उपयुक्त कंपनी को अप्रूव कर दिया गया। हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित हाई पावर परचेज़ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में आज पेपर खरीद केस को फाइनल किया। बैठक की अध्यक्षता प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर ने की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित रहे और टेंडर प्रक्रिया पर मंत्री नागर एवं अधिकारियों के साथ उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रस्तावों पर विचार और चर्चा की। विस्तृत चर्चा और बातचीत के उपरांत एक करोड़ 95 लाख रुपये के पेपर खरीद केस को फाइनल कर लिया गया। सरकारी कामकाज में इस्तेमाल होने वाले पेपर की क्वालिटी पर सरकार का फोकस है।



रोहतक
गुरुवार, 25 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 326
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 20.4
न्यून. 5.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मैरी क्रिसमस



haribhoomi.com





पूरे माह रहें एक्टिव, फ़िट व स्वस्थ

✓ खून की कमी
✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ चिड़चिड़ापन
✓ तनाव, कमज़ोरी
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे आदि में सहायक

Helpline: 011-23261111




90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
हेमपुष्पा
सेहत से समझौता न करें, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें


# धरती से छू लिया आसमान

## आकाश एनजी मिसाइल का परीक्षण, 80 किमी दूर, 20 किमी ऊंचाई पर लक्ष्य भेदा

## सबसे भारी 6100 किलो का अमेरिकी सैटेलाइट इसरो ने ऑर्बिट में किया स्थापित

*भारत ने बुधवार को जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। डीआरडीओ ने स्वदेशी एयर डिफेंस का सफल परीक्षण किया। वहीं, इसरो ने अपने बाहुबली यान से सबसे भारी सैटेलाइट को लॉन्च कर अनुसंधान के क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ दिए।*

हवाई सुरक्षा को मिली मजबूती

सीमा पर चीन-पाक से निपटने में मिलेगी मदद




### स्वदेशी एयर डिफेंस को मिली मजबूती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने मंगलवार को आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में सफल ट्रायल किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ कई हमले यानी 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है।

**डीआरडीओ का मिसाइल सिस्टम एक साथ कई लक्ष्य साधने में सक्षम**

#### ये बड़ी खासियतें

- आकाश-एनजी पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से लैस है। इसमें देश में ही विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर लगाया गया है, जो लक्ष्य को बेहद सटीक तरीके से पकड़ने में सक्षम है।
- इसके साथ ही इसमें ड्यूल-पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर का उपयोग किया गया है, जो मिसाइल को ज्यादा ताकत और बेहतर नियंत्रण देता है।
- इस सिस्टम में इस्तेमाल किए गए रडार और कमांड एंड कंट्रोल (सी2) सिस्टम भी पूरी तरह स्वदेशी हैं, जिससे भारत की आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक को और मजबूती मिलती है।
- यह सिस्टम एक साथ कई टारगेट को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

#### बाहुबली का तोहफा

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार सुबह 'एलवीएम-3 एम6' रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस 'एलवीएम-3 एम6' रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है।

**रच दिया इतिहास** | **4 जी या 5 जी नेटवर्क के लिए अब मोबाइल टावर की जरूरत ही नहीं**

**520** किमी ऊपर अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित

**640** टन कुल वजन है रॉकेट का

**43.5** मीटर कुल ऊंचाई एलवीएम 3 एम 6 की

ग्राउंड स्टेशन सिग्नल को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ेगा

**बिना टॉवर के भी कॉल, एसएमएस संभव हो सकेगा**


पहाड़, रेगिस्तान जंगल में भी मिलेगा नेटवर्क




अरावली : केंद्र का राज्यों को निर्देश

## दिल्ली से गुजरात तक नए खनन पट्टों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को अवैध खनन से बचाने और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्यों को अरावली में किसी भी नए खनन पट्टे के अनुदान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह प्रतिबंध संपूर्ण अरावली भूभाग पर समान रूप से लागू होता है और इसका उद्देश्य पर्वतमाला की अखंडता को बनाए रखना है। इन निर्देशों का उद्देश्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली पर्वतमाला की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है। इसके अलावा, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों/जोनों की पहचान करने का निर्देश दिया है, जहां केंद्र द्वारा पहले से ही खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा, पारिस्थितिक, भूवैज्ञानिक और भूदृश्य स्तर के विचारों के आधार पर खनन प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।



#### पहले से चल रही खदानों का क्या होगा

केंद्र ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदानें पहले से चल रही हैं, उनके मामले में राज्य सरकारों को सभी पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन कराना होगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप काम करना होगा। मौजूदा खनन गतिविधियों का सख्ती से नियमन करना होगा और इसके लिए अतिरिक्त बंदिशें लगानी होंगी ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

#### 100 मीटर की परिभाषा को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

अरावली पर्वतमाला का मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। हरियाणा के वन विभाग के रिटायर अधिकारी आरपी बलवान ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश को चुनौती दी है। इस सिफारिश में 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली के रूप में मान्यता देने की बात कही गई है। पूर्व वन संरक्षक आरपी बलवान ने यह प्रार्थना पत्र सुप्रीम कोर्ट में पहले से चल रहे गोदावर्मन मामले में दाखिल किया है। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, हरियाणा, केंद्र सरकार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को नोटिस जारी किए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट शीतकालीन अवकाश के बाद इस मामले में सुनवाई करेगा।

**खबर संक्षेप**

### बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 9 करोड़

**मुंबई।** ठाकुरद्वार इलाके के 85 साल के एक बुजुर्ग को पुलिस ऑफिसर बनकर ठगों ने करीब 9 करोड़ ठग लिए। आरोपियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' किया था। मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग के नाम पर झूठा आरोप लगाया और उन्हें कई बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। बुजुर्ग ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि उसे कहा गया कि उसके अकाउंट का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा है। *एजेंसी*



## दिल्ली मेट्रो के फेज 5 (ए) को सरकार की मंजूरी, बनेंगे 13 नए स्टेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो के विस्तार के दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए को सरकार ने मंजूरी दी है। इसके लिए 12015 करोड़ की लागत आएगी। दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए में 13 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। 16 किमी की नई लाइन डाली जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का रूट 400 किमी के पार हो जाएगा। फेज-5ए का निर्माण 3 साल में पूरा होगा। ज्यादातर काम अंडरग्राउंड होगा। वैष्णव ने बताया कि निर्माण में टनल बोरिंग मशीन का इस्तेमाल होगा, जिससे ट्रैफिक पर कम असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो में रोजाना औसतन 65 लाख लोग सफर करते हैं। पीक दिनों में यह संख्या 80 लाख तक पहुंच जाती है। *(पेज 5 भी देखें)*



परियोजना पर 12,015 करोड़ खर्च होंगे मेट्रो नेटवर्क में 16 किमी की नई लाइनें जुड़ेंगी

#### इन मार्गों का होगा विस्तार

दिल्ली मेट्रो का विस्तार तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक, रामकृष्ण आश्रम से इंद्रप्रस्थ तक और एयरोसिटी से टर्मिनल 1 तक किया जाएगा। दिल्ली मेट्रो के चरण 5ए परियोजना के तहत तीन नए कॉरिडोर बनाए गए हैं।

1. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी)
2. एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी)
3. तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी)।

*छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया*

## आई लव यू कहना, हाथ खींचना महिला की मर्यादा का उल्लंघन

**रायपुर (हरिभूमि न्यूज)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि आरोपी द्वारा एक महिला का हाथ पकड़कर उसे खींचते हुए आई लव यू कहना उसकी मर्यादा का उल्लंघन है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी लड़की के साथ खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में किसी युवा लड़के का ऐसा व्यवहार बहुत आपत्तिजनक है। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी उस व्यक्ति की दोषसिद्धि के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई कर रहे थे, जो घटना के समय 19 साल का था। पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे खींचने और कथित तौर पर स्कूल से लौटते समय आई लव यू कहने के आरोप में उसे आईपीसी और पॉक्सो की अलग-अलग धाराओं के तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

**यह कृत्य आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध के दायरे में**

*कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 रिजल्ट*

## 12 उम्मीदवारों ने हासिल किए 100 प्रतिशत अंक

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 का रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया गया। देश के 170 शहरों में 339 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। देश के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षाओं में शामिल कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 में चयन के बाद अब उम्मीदवारों को देश के आईआईएम सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए, पीजीडीएम आदि कोर्से के लिए प्रवेश दिया जाएगा। कुल 12 उम्मीदवारों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि 26 अभ्यर्थियों ने 99.99 प्रतिशत स्कोर किया। इस तरह 100 और 99.99 प्रतिशत अंक पाने वाले कुल उम्मीदवारों की संख्या 38 रही। इनमें 32 पुरुष और 4 महिला उम्मीदवार शामिल थीं।

**देशभर में 170 शहरों में बनाए गए थे 339 केंद्र**
*99.99 प्रतिशत अंक पाने वाले कुल उम्मीदवारों की संख्या रही 38*

*वैट घोटाले में ईडी का एक्शन*

## पदम बंसल के परिवार की 17.16 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय के चंडीगढ़ ने सिरसा जिले में हुए बड़े वैट घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने पदम बंसल, महेश बंसल और उनके परिवार के सदस्यों की करीब 17.16 करोड़ रुपये की 37 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया है। ईडी ने बताया कि इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जांच जारी है और आगे भी इस घोटाले से जुड़े अन्य लोगों और पैसों की जांच की जाएगी। ईडी के मुताबिक यह घोटाला आबकारी एवं कराधान विभाग से संबंधित है। कुछ फर्मों ने फर्जी सी-फॉर्म के जरिए गलत तरीके से वैट रिफंड लिया। यह रिफंड करीब 4.41 करोड़ रुपये का था। इसके अलावा टैक्स, ब्याज और जुर्माने को मिलाकर सरकार को कुल 43.65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

**टैक्स, ब्याज और जुर्माने को मिलाकर सरकार को 43.65 करोड़ रुपये का हुआ नुकसान**

*तीन लाख जुर्माना लगाया, 58 याचिकाओं पर फैसला*

## हाईकोर्ट की एचएसवीपी को फटकार, जमीन विस्थापितों से बढ़ी दरें वसूलने पर रोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एसएसवीपी) ने मनमाने ढंग से काम किया है और स्थापित कानूनों का उल्लंघन किया है। अदालत ने यह टिप्पणी तब की जब एसएसवीपी ने जमीन आवंटन पर सालों तक कोई फैसला नहीं लिया और फिर अचानक जमीन विस्थापितों से आरक्षित मूल्य में वृद्धि की मांग की। अदालत ने कहा कोई भी सरकारी संस्था अपनी निष्क्रियता का फायदा नहीं उठा सकती। इसका मतलब है कि एसएसवीपी को जमीन आवंटन में देरी करने और फिर अचानक कीमत बढ़ाने का अधिकार नहीं है। 58 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने विवादित मूल्य निर्धारण प्रावधानों को रद्द कर दिया और एसएसवीपी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। क्योंकि उसने स्पष्ट रूप से स्थापित कानूनी स्थिति के बावजूद नागरिकों को अनावश्यक मुकदमेबाजी में धकेल दिया था।



**कोर्ट ने कहा, वर्षों तक फैसला नहीं लिया, अचानक मूल्य वृद्धि की मांग की**

#### गलती से हुई देरी

हाईकोर्ट ने कहा, हम यह मानने के लिए बाध्य हैं कि प्रतिवादी-एसएसवीपी का काम और आचरण पूरी तरह से अनुचित है और इस तरह की बार-बार की गलतियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पीठ ने फैसला सुनाया कि यदि आवंटन में देरी पूरी तरह से विकास प्राधिकरण की गलती के कारण हुई हो, तो विस्थापित व्यक्ति आवेदन की तिथि पर प्रचलित मूल्य का हकदार है, न कि वर्षों बाद प्रचलित बढ़े हुए मूल्य का। प्रशासनिक देरी को मौद्रिक रूप से नहीं मापा जा सकता और प्राधिकरण की समय पर कार्रवाई न करने की विफलता के लिए नागरिकों को दंडित नहीं किया जा सकता।

# दिल्ली हाईकोर्ट का केंद्र सरकार से तीखा सवाल

## साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार

**मेडिकल डिवाइस पर 5% जीएसटी तो एयर प्यूरीफायर पर 18% क्यों**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है तो एयर प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18% जीएसटी लगाना ठीक नहीं है।

#### प्रदूषण पर दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी

- जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।
- कोर्ट ने पूछा कि लोग कब तक इंतजार करें? क्या तब तक, जब हालात और ज्यादा गंभीर हो जाएं? एक व्यक्ति दिन में करीब 21 हजार बार सांस लेता है और जहरीली हवा का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है।



- केंद्र से पूछा कि जब हालात एयर इमरजेंसी जैसे हैं, तो क्या किसी आपात प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से एयर प्यूरीफायर को जीएसटी से छूट नहीं दी जा सकती।
- बेंच ने सुझाव दिया कि 15 दिन या किसी तय अवधि के लिए ही सही, टैक्स राहत पर विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने साफ किया कि वह सिर्फ लंबी तारीखें नहीं, बल्कि मौजूदा हालात में ठोस प्रस्ताव चाहती है।

#### याचिका में ये मांग

यह याचिका एडवोकेट कपिल मदान ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि मेडिकल डिवाइस रूल्स और 2020 की केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार एयर प्यूरीफायर "मेडिकल डिवाइस" की परिभाषा में आते हैं। याचिका में दलील दी गई है कि जब अधिकांश मेडिकल डिवाइस पर 5% जीएसटी लगता है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी तर्कसंगत नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18% से घटाकर 5% किया जाए।

# केन्द्रीय मंत्री राई स्पोर्ट्स स्कूल के 53वें वार्षिक समारोह में पहुंचे, अरावली को लेकर कांग्रेस की गलत बयानबाजी पर साधा निशाना

## खेल व शिक्षा क्षेत्र के सभी विजेताओं को सम्मानित किया

# विद्यार्थियों के लिए खेल और शिक्षा दोनों का संतुलन जरूरी: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई में 53वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय ऊर्जा, आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने खेलों व शिक्षा क्षेत्र के सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने कहा कि यह वार्षिकोत्सव अन्य संस्थानों से अलग और विशिष्ट है, क्योंकि यहां खेल, शिक्षा, योग और क्लास का अद्भुत और समन्वित स्वरूप एक साथ देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, साथ ही अभिभावकों, श्रोताओं और अतिथियों में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। खेलों से टीम भावना जन्म लेती है, जो समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं।


राई। केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल छात्रों को सम्मानित करते एवं साथ में विधायक देवेन्द्र कादियान व अन्य नेतागण। फोटो : हरिभूमि

### हार से सीख लेकर अगले अवसर की करें तैयारी

खिलाड़ी जीत से उत्साहित होता है और हार से सीख लेकर अगले अवसर की तैयारी करता है। यही भावना जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। खेल हमें सिखाते हैं कि आगे बढ़ने के लिए परिश्रम, धैर्य और निरंतर प्रयास जरूरी है। आज के समय में यह धारणा बदल चुकी है कि खेल और पढ़ाई अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा, पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो पूरे होंगे ख्वाब। खेल और शिक्षा का संतुलन ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

### खेल की आईआईटी के रूप में पहचान दिलाएंगे

विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने इस दौरान स्कूल के प्राचार्य एवं स्टाफ को इस बेहतर आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सस्पोर्ट्स स्कूल एवं स्पोर्ट्स विवि को खेल की आई आई टी के रूप में पहचान दिलाएंगे, जहां से अंतरास्ट्रीय सत्र के खिलाड़ी यहां से निकलेंगे।

### सोनाली को गवर्नर मेडल

सोनाली अहलावत को उनकी ओवरऑल परफॉर्मेंस के लिए गवर्नर मेडल से सम्मानित किया गया। ऑल राउंड बेस्ट हाउस के लिए इंद्र हाउस को अर्जुन ट्रॉफी के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में इंटर हाउस को करिकुलर ट्रॉफी के लिए जूनियर विंग से सूर्या हाउस और सीनियर विंग से वरुणा हाउस को सम्मानित किया गया जबकि इंटर हाउस ऐकडेमिक के लिए जूनियर और सीनियर विंग से अर्जुन हाउस ने ट्रॉफी अपने नाम की। इंटर हाउस स्पोर्ट्स ट्रॉफी में भी जूनियर विंग से इंद्र हाउस और सीनियर विंग से वरुण हाउस को सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

समारोह में राई से विधायक कृष्णा गहलावत, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति अशोक कुमार, उपायुक्त सुशील सारवान, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, महामंत्री तरुण देवीदास, चेयरमैन निशांत छोक्कर, पुनित राई, राई स्पोट्र्स स्कूल के प्रिंसिपल पीके धीमान, बर्सर कर्नल मोहित कपूर तथा निर्मल श्योराण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अरावली की सुरक्षा को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अरावली की पहाड़ियों पर खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। भविष्य में भी पर्वतमाला को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील विषय पर कांग्रेस तथ्यहीन बयानबाजी कर जनता को भ्रमित कर रही है। अरावली की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अरावली पर्वतमाला देश की पर्यावरणीय सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और केंद्र व राज्य सरकारें इसके संरक्षण को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस हर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दे पर संवाद करने के बजाय राजनीति करने में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### हिसार: नियमों की अनदेखी पर 194 सीएससी बंद

**हिसार।** जिला प्रशासन ने नियमों की उल्लंघन करने पर संचालकों पर कार्रवाई करते हुए अनेक सीएससी बंद कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश भर में सीएससी आईडी ब्लॉक करने की प्रक्रिया के तहत जिले की 194 सीएससी आईडी बंद कर दी गई हैं। जिला प्रबंधक विकास वर्मा ने बताया कि ये सभी बंद की गई सीएससी आईडी निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरती थीं। इनमें कई आईडी बिना तय सेटअप, ब्रांडिंग, रेट लिस्ट और अन्य जरूरी नियमों के चल रही थीं।

### हेरोइन तस्करी का मुख्य सप्लायर दबोचा

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले में मुख्य सप्लायर परमजीत उर्फ पम्मा पुत्र बलासिंह, निवासी रताखेड़ा को काबू किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को काबू किया जा चुका है।

### हकृवि में 49वां कुलपति सम्मेलन 5 जनवरी से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि विश्वविद्यालय एसोसिएशन के सहयोग से 5-6 जनवरी को 49वें कुलपति सम्मेलन का आयोजन करेगा। इसका विषय खेत से भविष्य तक कृषि में नए आयामों की खोज है। इसके दो उप विषय भी होंगे 'विकसित भारत 2047' कृषि संस्थानों की भूमिका और योगदान' व 'सतत कृषि भविष्य के लिए परंपरा और प्रौद्योगिकी का सामंजस्य'।

## भिवानी में वारदात से हड़कंप : शादी करना चाहता था देवर

# दिनदहाड़े देवर ने भाभी की चाकू मारकर की हत्या

### आरोपी ने भी आत्महत्या का किया प्रयास हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी के हनुमान गेट इलाके में बुधवार सुबह महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद युवक ने दीवार से सिर मारकर खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि लोगों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में पड़ोसियों ने दोनों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन वहां पर पहुंचते ही महिला ने दम तोड़ दिया। साथ ही आरोपी की हालत गंभीर होने की वजह से चिकित्सकों ने उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। अपुष्ट तौर पर मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। रिश्ते में आरोपी पति की सगी मौसी का लड़का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।



भिवानी। भाभी की हत्या करने वाले देवर को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में रखा महिला का शव। फोटो : हरिभूमि

### मामला प्रेम प्रसंग का

पुलिस ने महिला के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का है। युवक रिश्ते में महिला का देवर लगता है। वह महिला पर शादी करने का दबाव बना रहा था। जब महिला ने मना कर दिया तो उसने हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह किसी व्यक्ति ने उनको फोन पर सूचना दी कि हनुमान गेट कोयला भट्टी के पास एक युवक ने एक महिला को चाकू मार कर घायल कर दिया। जब वहां पर पुलिस पहुंची तो उस वक्त तक पड़ौसी एम्बूलेंस में महिला व आरोपी को घायल अवस्था में अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस अधिकारी धर्मबीर ने बताया कि यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि महिला की मौत हो चुकी है और आरोपी की हालत गंभीर होने की वजह से रोहतक रेफर कर दिया।

### लिखित शिकायत नहीं मिली

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन मृतका के पति के अनुसार आरोपी उसकी सगी मौसी का लड़का है। वह उस पर शादी का दबाव बना रहा था। जिसका चलते आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका दो बच्चों की मां है। बड़ा बेटा 14 साल का तथा छोटा 8 साल का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना प्रभारी नरेंद्र ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


खरखौदा। एएसआई को गिरफ्तार करती एसीबी की टीम।

## एएसआई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

- सड़क हादसे के मामले में सुपरदारी के बदले मांगे 5 हजार रुपये
- एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाकर की बड़ी कार्रवाई

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सैदपुर पुलिस चौकी में तैनात एएसआई विजयपाल को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सड़क हादसे से जुड़े एक मामले में की गई, जिसमें आरोपी ने गाड़ी की सुपरदारी कराने के बदले रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार पानीपत निवासी एक युवक का सड़क हादसे से जुड़ा मामला सैदपुर पुलिस चौकी में दर्ज था। आरोपी एएसआई विजयपाल ने इस मामले में वाहन की सुपरदारी कराने के एवज में युवक से 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत की मांग से परेशान युवक ने एंटी करप्शन ब्यूरो से शिकायत की। एसीबी ने जाल बिछाकर धर दबोचा।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1448

मनकि हुकम सिहं पुत्र चन्दराम पुत्र चुनिया, निवासी एवं बिस्वेदार गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इंतकाल न0 1633 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 135 मिन/116, खाता न0 137 मिन, मु0 न0 47, किला न0 16/2(6-12), 25/1/1(3-11), किते 2, तादादी रकबा 10 कनाल 3 मरले सालम भाग व खेवट न0 317मिन/279, खाता न0 321 मिन, मु0 न0 47, किला न0 24/2/1(6-8), किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले सालम भाग व खेवट न0 239मिन/210, खाता न0 242 मिन, मु0 न0 47, किला न0 25/2/1/1/1(2-0), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला सालम भाग व खेवट न0 240 मिन/211, खाता न0 243 मिन, मु0 न0 47, किला न0 25/2/1/2/1(0-15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले सालम भाग, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 19 कनाल 6 मरले (2.4125 एकड़) वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 19 कनाल 6 मरले (2.4125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 24.12.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com



### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 522 दिनांक 26.11.2025 धारा 126 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम- साक्षी
पिता/पति- पुत्री हरीश
पता - निवासी गांव सुनारियां कलां जिला रोहतक
उम्र - 20
कद- 5 फुट 2 इंच।
हुलिया - रंग साँवला, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
पहनावा - काले रंग का कोट व पजामा पहने हुए है।


दिनांक 26.11.2025 को साक्षी पुत्री हरीश निवासी गांव सुनारियां कलां जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 9729997248

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 537 दिनांक 23.12.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना साँपला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - जगदेव
पिता/पति- पुत्र प्यारेलाल
पता - निवासी गांव अटायल जिला रोहतक
उम्र- 78 वर्ष
कद- 5 फुट 11 इंच।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 23.12.2025 को जगदेव पुत्र प्यारे लाल निवासी गांव अटायल जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना साँपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 9671222160

पीआरडीएच-1084/11/4267/2026/41467/88/6 दि. 24.12.25


### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु होंगे विशिष्ट अतिथि

## एसडी महिला कॉलेज में जिला स्तरीय सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आज

**हांसी।** एसडी महिला महाविद्यालय में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना द्वारा की जाएगी। पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी एसडीएम राजेश खोथ ने जिला सचिवालय में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक के दौरान एसडीएम ने कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों तथा कर्मचारियों जो दायित्व सौंपे गए हैं उन्हें पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाना सुनिश्चित करें। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि सुशासन दिवस का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना तथा प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है।



## नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कैद व जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. चंद्रहास की विशेष फास्ट टैक अदालत ने घर में घुस कर नाबालिग से दुष्कर्म के एक दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 30 हजार रुपये जर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को अतिरिक्त समय पर जेल में काटना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार नरवाना के रहने वाले एक व्यक्ति ने शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 28 फरवरी 2024 को बाबूराम गली नरवाना निवासी मानव घर में घुस गया और 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।


### सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, एससीओ 337-38, सेक्टर-35बी, चण्डीगढ़-160022

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ण चंद (कर्जदार), इन्द्रा देवी (सह-कर्जदार), LHZMO00001332688. | खेवट/खतौनी नं. 8/8, खसरा नं. 467(2-5), खेवट/खतौनी नं. 12/12/ खसरा नं. 470 (4-13), खेवट/खतौनी नं. 13/13 एमसी और तह. कालका एनए पंचकूला, हरियाणा 134103. सीमाएं :- उत्तर : प्रोप. निर्मल, दक्षिण : प्रोप. गुरदेव, पूर्व : गली, पश्चिम : मालिक। / कब्जे की तिथि : 19.12.2025 | 25-03-2022 रु. 12,59,083/- | चण्डीगढ़ |
| 2. | पूर्ण चंद (कर्जदार), इन्द्रा देवी (सह-कर्जदार), LHZMO00001333167. | खेवट/खतौनी नं. 8/8, खसरा नं. 467(2-5), खेवट/खतौनी नं. 12/12/ खसरा नं. 470 (4-13), खेवट/खतौनी नं. 13/13 एमसी और तह. कालका एनए पंचकूला, हरियाणा 134103. सीमाएं :- उत्तर : प्रोप. निर्मल, दक्षिण : प्रोप. गुरदेव, पूर्व : गली, पश्चिम : मालिक। / कब्जे की तिथि : 19.12.2025 | 25-03-2022 रु. 8,52,674/- | चण्डीगढ़ |
| 3. | पूर्ण चंद (कर्जदार), इन्द्रा देवी (सह-कर्जदार), LHZMO00001339513. | खेवट/खतौनी नं. 8/8, खसरा नं. 467(2-5), खेवट/खतौनी नं. 12/12/ खसरा नं. 470 (4-13), खेवट/खतौनी नं. 13/13 एमसी और तह. कालका एनए पंचकूला, हरियाणा 134103. सीमाएं :- उत्तर : प्रोप. निर्मल, दक्षिण : प्रोप. गुरदेव, पूर्व : गली, पश्चिम : मालिक। / कब्जे की तिथि : 19.12.2025 | 25-03-2022 रु. 95,364/- | चण्डीगढ़ |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 25 दिसम्बर 2025 स्थान : पंचकूला — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


## पानीपत: रिश्वत लेने के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज

**पानीपत।** हरियाणा पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो, करनाल ने अपने थाना करनाल में नियामत पुत्र इस्माइल निवासी गांव मुंडैता जिला नूंह की शिकायत पर पानीपत पुलिस की एंटी नाकोटिक्स विंग में तैनात सहायक सब निरीक्षक सुनील, हेड कांस्टेबल चांद व सुरेंद्र पर उसे एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में केस दर्ज करवाया है। नियामत का आरोप है कि एंटी नारकोटिक्स विंग के एएसआई सुनील, हेड कांस्टेबल चांद व सुरेंद्र ने मादक पदार्थ की तस्करी में के दर्ज केस में उसके बहनोई अरशद पुत्र रमजान निवासी गांव मालब जिला नूंह का नाम शामिल नहीं करने की एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। आरोपी पुलिस अधिकारी सुनील व हेड कांस्टेबल चांद व सुरेंद्र उसे एक लाख की वसूली कर चुके हैं और मंगलवार को भी एक लाख रुपये और मंगवाए थे । वहीं, नियामत की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल की टीम तीनों आरोपियों को पकड़ने के लिए गई थी, लेकिन तीनों फरार हो गए। एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल थाना में एएसआई सुनील, हेड कांस्टेबल चांद व सुरेंद्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 61 और करप्शन एक्ट 7 के तहत केस दर्ज कर लिया है। वही एंटी करप्शन ब्यूरो तीनों पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की तलाश में जुटा है।

## हनी ट्रैप में फंसा रोहतक का व्यापारी पानीपत के होटल में बुलाकर लूटा

- शराब के नशे में डूबो कर व्यापारी के 28 लाख के जेवर व 50 हजार ले उड़ी लड़कियां

**पानीपत।** पानीपत के संजय चौक स्थित थार इन होटल में 22 दिसंबर की रात को रुके रोहतक के टाइल व्यापारी को शराब के नशे में डूबो कर दो युवती उसकी जेब से करीब 50 हजार रुपये की नकदी व लगभग 28 लाख रुपये कीमत से बने सोने से जेवर उतार कर ले गई। तीनों होटल के कमरा नंबर 207 में रुके थे और वहां पर तीनों ने शराब के साथ विभिन्न प्रकार के पेय पीए थे। टाइल व्यापारी को जब शराब का ज्यादा नशा हो गया तो वह सो गया और जब उसकी आंख खुली तो कमरे में न तो लड़कियां थी और न ही उसके जेब में नकदी और पहने गए करीब बीस तोले सोने से बने गहने की गायब मिले। वहीं, सुबह जब कारोबारी देर तक सो कर नहीं उठा तो होटल स्टाफ ने कमरा खुलाया, तब व्यापारी को अपने साथ हुई लाखों रुपये की चोरी कर पता चला। स्मरणीय है कि टाइल व्यापारी सोने के गहने पहनने का शौकीन थी और वह सोशल मीडिया पर सभी सक्रिय है। वहीं, कारोबारी ने सोशल मीडिया पर दोनों लड़कियों से दोस्ती की। मित्रता होने पर टाइल व्यापारी दोनों लड़कियों को अपनी गाड़ी में सवार कर हरिद्वार ले जा रहा था।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गांव बरवाला, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में पंचायत घर का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 2 कार्य। | 22.12.2025 29.12.2025 | 24,14,767/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई नरवाना | कलायत जल सेवाएं उपमण्डल, कलायत के आरडी 0 से 67795 तक एस.पी. डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन। | 22.12.2025 29.12.2025 | 5,92,446/- | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 3 | पंचायती राज रोहतक | गांव ककराना ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक में बस क्यू शेल्टर का निर्माण। | 22.12.2025 29.12.2025 | 2,22,495/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 4 | सीओई, पिनांगवान नूह बागवानी विभाग हरियाणा | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवान (नूह) में "प्याज पौध उत्पादन हेतु मेनियल कार्यों और जॉब रोल आधार पर अन्य केन्द्र कार्यों के लिए दर अनुबंध" हेतु पुनर्निविदा। | 26.12.2025 07.01.2026 | ईएमडी 30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 5 | सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हिसार | गांव मंगाली अकलान/गांधीनगर/मंगाली ब्राह्मणान में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन भूमि और वाटरलॉग्ड सोइल का रिक्लेमेशन। | 23.12.2025 05.01.2026 | 79,37,498/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ASCOHISAR@GMAIL.COM |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव कारी मोध में जुगती नाई के प्लॉट से हवा सिंह के मकान तक गली मेन फिरनी की पेवमेंट का निर्माण (प्लान 2025-2026 एससी कॉम्प.) + 1 कार्य। | 22.12.2025 31.12.2025 | 18,21,868/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना हेतु ई-निविदा सूचना। | 26.12.2025 16.01.2026 | 1,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/180/41450/I/88/6 दि. 24.12.25

# देश में हाईवे के लिए 1,97,644 करोड़ दिए, सुधरेगी क्नेक्टिविटी

■ प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई फैसलों पर मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 'दिल्ली मेट्रो फेज-5 (ए)' के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए 12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट की स्वीकृति मिली, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई रफ्तार देने के मकसद से सरकार ने सड़क, रेल और पोर्ट नेटवर्क के विस्तार के लिए अपना खजाना खोला है। हाईवेके लिए 1,97,644 करोड़ की भारी-भरकम राशि मंजूर की गई है। इसके तहत 8 नेशनल हाई-स्पीड रोड प्रोजेक्ट्स (936 किमी) के साथ-साथ सीमावर्ती इलाकों और पूर्वोत्तर (शिलॉन्ग-सिलचर) से लेकर बिहार (पटना-आरा-सासाराम) और दक्षिण भारत तक लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुधारा जाएगा। लॉजिस्टिक्स लागत घटाने के लिए रेलवे के 43 प्रोजेक्ट्स (1,52,583 करोड़ और पोर्ट्स व शिपिंग (1,45,945 करोड़) पर भी बड़ा निवेश किया जाएगा, इसमें महाराष्ट्र का वधावन पोर्ट अहम है। हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए बागडोगरा, बिहटा, वाराणसी व कोटा समेत नए एयरपोर्ट टर्मिनल्स के लिए भी 7,339 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

**हवाई संपर्क को भी मिलेगा बढ़ावा**

**दिल्ली मेट्रो फेज-5 ए के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी**

## 12.35 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी



कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री वैष्णव

कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के साथ बेंगलूरू मेट्रो के दो कॉरिडोर, ठाणे रिंग मेट्रो, पुणे मेट्रो, चेन्नई मेट्रो, और लखनऊ मेट्रो से जुड़ी परियोजनाओं के लिए कुल 1,31,542 करोड़ की राशि मंजूर की है। 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी के लिए सरकार ने 28,602 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। एक करोड़ शहरी और दो करोड़ ग्रामीण घरों के लिए 5,36,137 करोड़ को हरी झंडी दी है। केंद्रीयमंडल ने 28, 432 करोड़ की हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया ऐतिहासिक

कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान केंद्रीय रेल और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो के विस्तार के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। हम सभी जानते हैं कि दिल्ली मेट्रो ने दिल्ली के निवासियों और शहर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति के जीवन को कैसे सकारात्मक रूप से बदला है। इस विस्तार के साथ, दिल्ली मेट्रो में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। दिल्ली मेट्रो के विस्तार की यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब राजधानी में प्रदूषण और ट्रैफिक जाम एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने वाला यह कदम न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि पर्यावरण के अनुकूल शहरी विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। अब सभी की निगाहें दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पर होंगी कि वे इस महत्वाकांक्षी परियोजना को निर्धारित तीन साल की समय सीमा में कैसे पूरा करते हैं।

**'मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण'**



## पुस्तक का उपराष्ट्रपति ने किया विमोचन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद प्रोफेसर (डॉ.) सिकंदर कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण' का बुधवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव, नई दिल्ली में विमोचन किया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों पर आधारित है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन रहा है। ने की दहलीज पर खड़ा है। देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## पश्चिम बंगाल एसआईआर पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

## अवैध ओबीसी सर्टिफिकेट स्वीकार न करने का निर्देश, चयन में नहीं होगा असर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासत तेज है। इसी बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश दिया कि वे एक याचिका पर विचार करें, जिसमें राज्य के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अवैध ओबीसी सर्टिफिकेट को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार न करने की मांग की गई है और इस पर तर्कसहित आदेश जारी करें। मामले में याचिकाकर्ता अरिजीत बक्शी ने अदालत को बताया कि मई 2024 में हाईकोर्ट ने राज्य के 77 वर्गों के लोगों के ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द कर दिया था। उन्होंने आयोग से स्पष्ट निर्देश देने की मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया में केवल वैध ओबीसी सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे।

## हिस्ट्रीशीटर त्यागी को बदमाशों ने मारी गोली



**रुड़की।** पश्चिमी यूपी के हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही पुलिस की गाड़ी पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हमले में विनय त्यागी को भी गोली लगी है। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। 2 पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए हैं। नकाबपोश बदमाश भीड़ के बीच हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

## आदमखोर तेंदुए ने 6 पर किया हमला,1 की मौत



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की बल्ह घाटी बुधवार सुबह-सुबह आदमखोर तेंदुए की दहशत से कांप उठी। आदमखोर तेंदुए ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है जबकि 5 अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सुबह एक तेंदुए ने बल्ह घाटी के तीन अलग-अलग गांवों में कई लोगों पर हमले किए।

## राहुल ने फैसले पर उठाया सवाल

## सेंगर को जमानत मिलना शर्मनाक हम एक 'मृत समाज' बनते जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद बुधवार को कहा कि सेंगर को जमानत मिलना निराशाजनक एवं शर्मनाक है। उन्होंने यह दावा भी किया कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे, भाजपा से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी।

### भैया ने फोन करके बुलाया था, 3 मांगें रखी



24 दिसंबर 2025 की शाम को उन्नाव रेप पीड़िता ने राहुल गांधी से 10 जनपथ बंगले पर मुलाकात की। मीटिंग में सोनिया भी मौजूद थीं। दोनों ने उन्नाव के परिवार से वादा किया है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि उन्हें न्याय और सुरक्षा मिले। सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता और उसके परिवार ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से 3 बड़ी बातें की गुहार लगाई है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में सेंगर के खिलाफ लड़ने के लिए एक टॉप वकील दिलाने में मदद करें।



## हायर इंडिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगी भारती

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस ने वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाले हायर इंडिया में करीब दो अरब डॉलर (लगभग 17,955.5 करोड़ रुपये) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की बुधवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा कि वे हायर इंडिया में रणनीतिक निवेश कर रही हैं। इसका प्रबंधन नियंत्रण वर्तमान चीनी समूह के पास ही रहेगा।

# सोना-चांदी नहीं, तांबा बनने जा रहा बाजार का 'अगला किंग', दिया 36% रिटर्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ एआई और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने भी इसकी मांग बताई जा रही

शेयर बाजार में जहां साल 2025 के दौरान जबरदस्त उतार–चढ़ाव देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर कीमती और औद्योगिक धातुओं ने निवेशकों को शानदार रिटर्न देकर आकर्षित किया है।

इस साल अब तक सोने ने करीब 70 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। चांदी ने तो सभी पारंपरिक निवेश विकल्पों को पीछे छोड़ते हुए लगभग 130 से 140 प्रतिशत तक की छलांग लगाई है, जिससे यह रिटर्न के लिहाज से साल की सबसे बेहतरीन एसेट बनकर उभरी है। इसी कड़ी में सोने ने भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया। सोने में 60 फीसदी से अधिक का उछाल दर्ज किया गया।

**औद्योगिक मांग के कारण तांबा में तेजी की संभावना बताई जा रही**

### जानें क्या बोले विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार, एआई के बढ़ते उपयोग के चलते बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिनमें भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होती है, और यही वजह है कि मांग के मुकाबले सप्लाई पिछड़ती जा रही है। रॉयटर्स द्वारा कराए गए सर्वे में भी यह सामने आया है कि साल 2025 में तांबे की आपूर्ति करीब 1.24 लाख टन कम रही है और 2026 में यह कमी बढ़कर लगभग 1.5 लाख टन तक पहुंच सकती है। बाजार के जानकारों का मानना है कि जिस तरह सोना और चांदी अपनी चमक दिखा चुके हैं, आने वाले समय में तांबा भी कीमतों के नए रिकॉर्ड बना सकता है।



### चांदी पहुंची दो लाख के ऊपर

यही असंतुलन कीमतों को ऊपर ले गया है और चांदी के भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच चुके हैं, जिसमें सुरक्षित निवेश के विकल्प के तौर पर बढ़ती मांग ने भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं तांबे को अब बाजार का "अगला किंग" कहा जाने लगा है, क्योंकि तेज औद्योगिकीकरण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने इसकी मांग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

### हाई रिटर्न्स की रेस में तांबा

हालांकि, इस रेस में तांबा भी पीछे नहीं रहा और अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहते हुए भी 2025 में करीब 36 प्रतिशत का दमदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। चांदी की कीमतों में तेज उछाल की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक मांग का तेजी से बढ़ना माना जा रहा है, क्योंकि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल में लगातार इजाफा हो रहा है, जबकि इसके मुकाबले आपूर्ति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

## रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई

# आगामी बजट में कर आधार विस्तार एवं निवेश प्रोत्साहन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाने, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने तथा वृद्धि को और तेज करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने पर ध्यान देने की जरूरत है।

एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'भारत की नयी कराधान विचारधारा का स्वरूप: सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 के तहत हाल के सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के साथ-साथ कर व्यवस्था का सरलीकरण एवं कर दरों में संतुलन संभव है। इससे लंबे समय से जारी इस धारणा को चुनौती मिली है कि कर संग्रह बढ़ाने के लिए कर की ऊंची दरें जरूरी होती हैं।

### शोध संस्थान थिंक चेंज फोरम ने जारी की रिपोर्ट

शोध संस्थान 'थिंक चेंज फोरम' (टीसीएफ) द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, " भारत जल्द केंद्रीय बजट पेश करने वाला है और इसमें लिए जाने वाले फैसले यह तय करेंगे कि कराधान दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए उत्प्रेरक बनता है या फिर महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने वाला कारक।'

### 140 करोड़ की आबादी में तीन करोड़ प्रभावी करदाता

रिपोर्ट में कहा गया है कि कर-जीडीपी अनुपात में सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी में केवल 2.5 से तीन करोड़ प्रभावी करदाता हैं, ऐसे में बजट को दरें बढ़ाने के बजाय माल एवं सेवा कर, आयकर तथा उच्च मूल्य उपभोग से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत कर प्रौद्योगिकी आधारित कर आधार विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**अनुपालन आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर :** रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई है जिसमें उनसे प्रत्यक्ष करों, प्रवर्तन एवं निवेश नीति तक जीएसटी सुधारों के सिद्धांतों का विस्तार करने का आग्रह किया गया है। इन सुझावों में मुख्य तौर पर नीतिगत स्थिरता एवं अनुपालन-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

**राजस्व जुटाने दर बढ़ाने के जगह कर आधार का विस्तार हो :** केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थशास्त्र के संतुलन सिद्धांत के अनुरूप उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए और राजस्व जुटाने का जोर दरें बढ़ाने के बजाय कर आधार के विस्तार पर होना चाहिए।





■ बजट बनाने में सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि पर विशेष जोर दिया जाए

■ रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान देने की जरूरत

■ जीएसटी 2-0 के तहत हाल के सुधार से संतुलन संभव हुआ

### समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज हो

इसमें उच्च कर दरों को स्थिर रखने, दरें बढ़ाने के बजाय प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करने, मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद 'एमआरपी' (अधिकतम खुदरा मूल्य) आधारित कराधान से बचने, जीएसटी इनपुट कर ऋण श्रृंखला को पूरा करने, मुनाफे के उत्पादक पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करने तथा तस्करी एवं अवैध कारोबार सहित समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की सिफारिश की गई है।

### जीडीपी अनुपात 2011 से नीचे बना हुआ

इसमें कहा गया कि पिछले एक दशक में कंपनियों की लाभप्रदता में सुधार हुआ है लेकिन निवेश-से-जीडीपी अनुपात 2011 से पहले के उच्च स्तर से काफी नीचे बना हुआ है जिससे संकेत मिलता है कि मुनाफा उत्पादक क्षमता के बजाय वित्तीय परिसंपत्तियों में लगाया जा रहा है। निवेश-से-जीडीपी अनुपात, यह मापता है कि किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कितना प्रतिशत नए निवेश (जैसे मशीनरी, भवन, बुनियादी ढांचा) में लगाया जा रहा है।

### बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव को देखते हुए बजट में लक्षित कर प्रोत्साहनों के जरिये कॉरपोरेट आय को वित्तीय निवेशों के बजाय विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और रोजगार सृजन करने वाली परिसंपत्तियों की ओर प्रवाहित किया जाना चाहिए।

# चांदी 2.27 लाख रुपये प्रति किग्रा के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 9,750 रुपये बढ़कर 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि विदेशी बाजारों में चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।मंगलवार को, चांदी 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सर्राफा की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से हाजिर चांदी 72 डॉलर के स्तर को लांघ गई।'' कैलेंडर वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर, 2024 को रिकॉर्ड किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी की कीमत 1,37,300 रुपये या 153.06 प्रतिशत बढ़ गई है। गांधी ने कहा कि कमजोर डॉलर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से नरम मौद्रिक नीति की उम्मीदें और चल रहे भू-राजनीतिक तनाव बहुमूल्य धातु के लिए अनुकूल माहौल बना रहे हैं। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत, स्थानीय सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई से थोड़ी कम हुई और यह मंगलवार के 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 50 रुपये घटकर 1,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना पहली बार 4,500 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गया। यह 41.18 डॉलर या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 4,525.96 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई।** मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच क्रिसमस से एक दिन पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में कारोबार का रुख सुस्त रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 116 अंक और निफ्टी 35 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक गिरकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 85,738.18 अंक के उच्च स्तर तक गया और 85,342.19 अंक के निचले स्तर तक आया। निफ्टी भी 35.05 अंक की गिरावट के साथ 26,142.10 अंक पर बंद हुआ।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 9 के अधिकार–क्षेत्र के तहत सेक्टर–3 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 1 कार्य। | 23.12.2025 02.01.2026 | रु.2,22,88,652/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर–2, एम.सी. रोहतक में परशुराम पार्क के निकट म. नं. 2037 के सामने पॉकेट पार्क का अपग्रेडेशन + 1 कार्य। | 23.12.2025 30.12.2025 | रु.27,85,942/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41424/I/88/6 दि. 24.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1152 – एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 3 में पोटहॉल्स को भरने समेत मरम्मत और रखरखाव कार्य, ड्रेन्स की मरम्मत और अन्य विविध कार्य। | बंद होने की तिथि 30.12.2025 | रु. 10.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41454/I/88/6 दि. 24.12.25



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भारतीय स्टार्टअप के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ 2025

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबे समय तक धन जुटाने में मंदी के बाद 2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए नकदी का वर्ष बनकर उभरा। सार्वजनिक निर्गम गतिविधियों में फिर से तेजी देखने को मिली, सौदों की गुणवत्ता में सुधार आया और अनुशासित वृद्धि की ओर स्पष्ट बदलाव देखा गया। वर्ष 2023 को 'फंडिंग विंटर' (पूंजी जुटाने के लिए कठिन दौर) और 2024 को सतर्क आशावाद के रूप में परिभाषित किया गया था तो 2025 को विशेष रूप से सार्वजनिक बाजारों के माध्यम से निकासी में ऐतिहासिक वृद्धि के लिए याद किया जाएगा।

**मध्यम सौदों का आकार दोगुना होकर 14 लाख डॉलर हुआ**

### भारत तीसरा बड़ा स्टार्टअप वाला देश बना

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त करीब दो लाख स्टार्टअप में से केवल इस वर्ष 44,000 जुड़े हैं। वहीं 11 नए यूनिकॉर्न और 18 सार्वजनिक निर्गम के जरिये 41,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के साथ... भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है।'

### उद्यम पूंजी व निजी इक्विटी रिकॉर्ड संख्या में पहुंची

ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, " 2025 को मैं नकदी का वर्ष कहूंगी। यह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का साल रहा। यह ऐसा वर्ष रहा जिसमें उद्यम पूंजी (वीसी) और निजी इक्विटी (पीई) समर्थित कंपनियां रिकॉर्ड संख्या में बाजार में पहुंचीं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड वर्ष रहा। मिसाल के तौर पर, यदि आप पीक एक्सवी और एलीवेशन जैसे कोष को देखें तो उनके खंड में कई आईपीओ देखने को मिलेंगे।''


**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट **IREPS** पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की **5%** होगी तथा बोली कम से कम बोली मूल्य स 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

नीलामी केटलॉग सं.: **MET-Ctg-RR-1-25** रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: **06.01.2026 को 12:00 बजे**

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MET-SMU-174-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम – स्पेशल माइनर यूनिट (GMU) (Size 47.44 sqm, i.e. 8x5.93 sqm) अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी के लिए मलेरकोटला रेलवे स्टेशन। | 06.01.2026 को 12:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे।

**3983/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 89.79 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार के अंत में 16 पैसे टूटकर 89.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और सोने के आयातकों से डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.56 पर खुला। कारोबार के दौरान 89.51 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सोनीपत | बरोदा निर्वाचन क्षेत्र, जिला सोनीपत में सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत 1. मदीना से भांडरी (आईडी 2622) 2. सिरसाध से सिवांका (आईडी 2613) + 1 कार्य। | 19.12.2025 30.12.2025 | रु.3,25,96,940/- | https://etenders.hry.nic.in | 9729353062 hsambsonipat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41427/I/88/6 दि. 24.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड नं. 11, एम.सी. टोहाना में रॉकी वाल्मिकी से एम.सी. मेन पाल तक गली का निर्माण + 6 कार्य। | 23.12.2025 31.12.2025 | रु.58,93,950/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930314172 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41453/I/88/6 दि. 24.12.25



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 47–अम्बाला/2025–26, दिनांक: 24.12.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।


| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/RPJ के अनुभाग में विविध प्रकार के ट्रैक मरम्मत कार्य जिनमें वनस्पति हटाना, सेस सफाई के साथ उथली स्क्रीनिंग, कैजुअल स्लीपर बदलना, ईआरसी ग्रीसिंग, ट्रैक्टर/जेसीबी किराए पर लेना आदि, प्लेन ट्रैक/टर्नआउट की लिफ्टिंग और पैकिंग आदि शमिल हैं। | 80,57,268/- | 1,61,200/- | 06 महीने | 16.01.2026 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**3990/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6088



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6087 का हल**








# फिर मिलाप : महाराष्ट्र में 20 साल बाद साथ आए ठाकरे बंधु, बीएमसी चुनाव साथ-साथ लड़ेंगे

दोनों ने कहा कि 'मराठी मानुष' के लिए एकजुटता जरूरी

उद्धव और राज ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महीनों से जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने 15 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव से पहले बुधवार को अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। राज ठाकरे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो दल साथ रहने के लिए एकसाथ आए हैं। दोनों ने कहा कि वे 'मराठी मानुष' और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट हुए हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे दोनों चचेरे भाई हैं। उद्धव ने कहा कि उनके दादा प्रबोधनकर ठाकरे एक समाज सुधारक और लेखक थे। वह संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति थे तथा उनके पिता बाल ठाकरे व चाचा श्रीकांत, जो राज ठाकरे के पिता थे, वे भी इस आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

**शिवसेना (यूबीटी) और मनसे आए साथ**

राज बोले- मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा



संवाददाता सम्मेलन के बाद प्रसन्न मुद्रा में उद्धव और राज

## संवाददाता सम्मेलन 16 मिनट चला

उद्धव ने कहा कि दोनों पार्टियों ने नासिक नगर निगम के लिए सीट के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। अन्य नगर निकायों में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। भाजपा में जो हो रहा है उसे सहन न कर पाने वाले हमारे साथ आ सकते हैं। यह संवाददाता सम्मेलन मुश्किल से 16 मिनट चला और 2सीट बंटवारे की व्यवस्था पर्_ट घोषणा के समाप्त हो गया।सम्मेलन स्थल की पृष्ठभूमि में लगे बैनर पर अविभाजित शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर और शिवसेना (उबाठा) तथा मनसे के पार्टी चिह्न लगे थे।

## शंकाएं दूर होने तक राकांपा (शप) राकांपा के साथ गठबंधन नहीं



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि जब तक कार्यकर्ताओं की सभी शंकाएं और आशंकाएं दूर नहीं हो जातीं तब तक अजित पवार के साथ गठबंधन नहीं होगा।

## दो परिवारवादी दल हार के डर से साथ आए



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहादो परिवारवादी दल एक साथ आ गए हैं। हार के डर से उन्होंने गठबंधन कर लिया है। मुंबई की जनता राजग-भाजपा गठबंधन के तहत विकास को चुनना चाहती है। इससे साफ पता चलता है कि आगामी बीएमस) चुनावों में अपनी जमानत जब्त होने से बचाने के लिए वे एकजुट हुए हैं।

## ऐसे बता रहे जैसे रूस-यूक्रेन का गठबंधन होः फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनका ट्रैक रिकॉर्ड केवल भ्रष्टाचार और स्वार्थ का रहा है। उनका गठबंधन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने मुंबई में ठाकरे बंधुओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सब फिजूल है। उन्होंने कहा कि टेलीविजन समाचार चैनल ऐसी खबरें दिखा रहे थे कि मानो यह रूस-यूक्रेन का गठबंधन हो।



## महाराष्ट्र में हम एमवीए के साथ पर एमएनएस नामंजूरः कांग्रेस

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। वडेट्टीवार ने कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस कभी मनसे के साथ जाने की पक्षधर नहीं रही है।



# गांवों में काम के साथ ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट (वीजी- जी राम जी ) 2025 की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कानून सिर्फ ग्रामीणों को मजदूरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांवों में काम के साथ-साथ स्थायी संपत्तियां बनेंगी, खेती को मजबूती मिलेगी और लंबे समय में ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी। पीएमओ के अनुसार इस कानून को बनाने से पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से बात की। विशेषज्ञों के साथ तकनीकी बैठकों और हितधारकों के साथ चर्चा भी की गई थी।

## कांग्रेस नेता भ्रम फैला रहे, उन्हें कुछ पता नहीं

मंगलवार को नागौर में किसान सम्मेलन में चौहान ने कहा था कि कांग्रेस चिंतित है और योजना की आलोचना कर रही है। वह दावा कर रही है कि इससे नौकरियां छिन जाएंगी। यह कहीं बेहतर योजना है जो गांवों को पूरी तरह बदल देगी। हमने इसे कम नहीं किया बल्कि बढ़ाया है।



## छता में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त, सचिव निलंबित

**दतिया।** छता गांव में असमाजिक तत्वों ने भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित कर दी। शांति कायम कर दी गई। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने लापरवाही मानते हुए सचिव रूपेंद्र सिंह बुंदेला को निलंबित कर दिया। गया। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ौनी थाना प्रभारी दिनेश राजपूत और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी और नई प्रतिमा जल्दी स्थापित करने का आश्वासन दिया।



## ओंकारेश्वर पहुंची कंगना किए ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**ओंकारेश्वर।** अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत ओंकारेश्वर पहुंचीं। उन्होंने भगवान श्री ओंकारेश्वर के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर पहुंचने पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया। दर्शन के दौरान कंगना रनौत ने भगवान ओंकारेश्वर का अभिषेक कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए कंगना ने कहा कि नर्मदा नदी के तट पर ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर उनका मन अत्यंत पावन और शांत हो गया है। उन्होंने ओंकारेश्वर की दिव्यता, आध्यात्मिक वातावरण और व्यवस्थाओं की सराहना की।

नए साल पर मां वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के बदले

# दर्शन के 24 घंटे के अंदर कटड़ा बेस कैंप लौटना अनिवार्य हुआ

**आरएफआईडी कार्ड मिलने के बाद 10 घंटे के भीतर यात्रा शुरू करनी**



एजेंसी ▶▶ जम्मू

नए साल के अवसर पर जम्मू के रियासी जिले में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा नियमों में बदलाव किया है। चढ़ाई और उतराई दोनों के लिए नए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उद्देश्य भवन क्षेत्र में भीड़भाड़ रोकना, दुर्घटनाओं का जोखिम कम करना, मंदिर ट्रैक पर बेहतर भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

संशोधित नियमों के तहत श्रद्धालुओं को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन कार्ड (आरएफआईडीसी) प्राप्त करने के 10 घंटे के अंदर यात्रा शुरू करनी होगी। दर्शन पूरा करने के बाद कटड़ा बेस कैंप लौटने के लिए अधिकतम 24 घंटे का समय दिया गया है। ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। पहले आरएफआईडी कार्ड लेने के बाद यात्रा शुरू करने की कोई सख्त समय सीमा नहीं थी। श्रद्धालु किसी वक्त भी चढ़ाई शुरू कर सकते थे और दर्शन के बाद भवन क्षेत्र में कई दिन तक रुक सकते थे, जिससे अक्सर भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बन जाती थी। कटड़ा से माता वैष्णो देवी भवन तक की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है. यात्रा पैदल, घोड़े, पिट्ठू, बैटरी कार या हेलिकॉप्टर से की जा सकती है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को पैदल चढ़ाई में 6 से 8 घंटे और उतरने में भी लगभग इतना ही समय लगता है।



## चिंतन

# हवाई सुरक्षा की ओर देश के मजबूत कदम

भारत ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का सफल ट्रायल कर हवाई सुरक्षा की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसमें अपने ही देश के आरएफ सीकर, सॉलिड रॉकेट मोटर और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इससे वायुसेना और थलसेना को और मजबूती मिलेगी। आकाश मिसाइल की जो प्रणाली है वह बहुत हाईटेक है। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम ने हर तरह के हवाई खतरों के खिलाफ अपनी बेहतरीन सटीकता साबित की। यह लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई पर मौजूद टारगेट्स को दमदार ढंग से भेदने में सफल रहा। इसमें भविष्य के विकास की संभावनाएं बहुत हैं, जो रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाएंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का कहना है कि ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। भारत की हवाई और जमीनी सुरक्षा को मजबूत करने के नजरिए से विकसित की गई इस मिसाइल की रेंज, स्पीड और रिस्पोंस पॉवर पहले से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले किए गए थे, इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की आकाश मिसाइलों ने ही नाकाम किया था। अब यह एयर डिफेंस सिस्टम का यह आधुनिक वर्जन पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली है।

बता दें कि भारत के पास कई उन्नत डिफेंस सिस्टम हैं जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। इनमें रूस से प्राप्त एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली भारत की सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस प्रणालियों में एक है, इसकी रेंज 400 किमी तक है। आकाश मिसाइल सिस्टम एक मध्यम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है, जिसकी रेंज 25-30 किमी है। एक और बराक-8 को भारत और इजराइल ने मिलकर विकसित किया है, जिसकी रेंज 70 किमी. तक है। वहीं, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम इसे पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी) और एडवांस एयर डिफेंस (एएडी) के रूप में जाना जाता है, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम है। स्पाइडर एयर डिफेंस सिस्टम भी एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसकी रेंज 15-20 किमी तक है। दूसरी तरफ, कुशा एयर डिफेंस सिस्टम एक स्वदेशी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जिसकी रेंज 500 किमी से अधिक है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अब आकाश-एनजी की सफलता से न केवल भारत की रक्षा तैयारियां और मजबूत होंगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा अनुसंधान को भी नई दिशा और गति मिलेगी।

# सत्ता नहीं, संस्कार की राजनीति



**अटल जी @101**

विकास खितौलिया

> अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। वे न केवल एक सफल प्रधानमंत्री थे, बल्कि एक सच्चे लोकतंत्रवादी, संवेदनशील कवि और जनप्रिय नेता भी थे। उनके भाषणों में विचारों की स्पष्टता, भाषा की गरिमा और विरोधियों के प्रति सम्मान झलकता था। यह विशेषता उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग करती थी कि वे कट्टर विरोध के बावजूद व्यक्तिगत मर्यादा नहीं तोड़ते थे। पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक, सभी ने उनके भाषण कौशल और बौद्धिक क्षमता की सराहना की। उस समय इंदिरा गांधी ने तो उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री तक कहा था। वाजपेयी जी का जीवन हमें शालीनता, सहिष्णुता और राष्ट्रप्रेम का मार्ग दिखाता है।

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं जिन्होंने केवल सत्ता के शिखर तक पहुंचकर ही नहीं, बल्कि अपने विचार, आचरण और संवेदनशीलता से राष्ट्र की आत्मा में स्थायी स्थान बनाया। उनमें से थे महान व्यक्तित्व के धनी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका 25 दिसंबर 1924 को जन्म हुआ। वर्ष 2025 में हम उनके 101वें जन्मदिवस का स्मरण कर रहे हैं। यह अवसर केवल एक महान राजनेता के जन्मदिवस का नहीं, बल्कि राजनीति में नैतिकता, सहमति और राष्ट्रहित की परंपरा को नमन करने का अवसर है। अटल जी ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया और इस दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े और संघ के प्रचारक बने। यहीं से उनके सार्वजनिक जीवन की नींव पड़ी। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने पत्रकारिता को माध्यम बनाकर राष्ट्रसेवा की दिशा में कार्य किया और कुछ समय बाद जनसंघ के माध्यम से संसदीय राजनीति में प्रवेश किया। वे पांचजन्य, वीर अर्जुन और राष्ट्रधर्म जैसे पत्र-पत्रिकाओं के संपादन से जुड़े।

वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक सफल प्रधानमंत्री थे, बल्कि एक सच्चे लोकतंत्रवादी, संवेदनशील कवि और जनप्रिय नेता भी थे। उनका राजनीतिक जीवन सादगी, सच्चाई और राष्ट्रभक्ति की मिसाल था। अटल जी का जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के शिंदे की छावनी में हुआ। उनके पिता श्रीकृष्ण बिहारी वाजपेयी एक अध्यापक और कवि-स्वभाव के व्यक्ति थे। माता श्रीमती कृष्णा देवी धार्मिक और सुसंस्कृत महिला थीं। वाजपाई जी की प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर में हुई। आगे चलकर उन्होंने विक्टोरिया कॉलेज (वर्तमान लक्ष्मीबाई कॉलेज) से स्नातक और डीएवी कॉलेज, कानपुर से राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर किया। वर्ष 1957 में वे पहली बार बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद बने। उनके भाषणों में विचारों की स्पष्टता, भाषा की गरिमा और विरोधियों के प्रति सम्मान झलकता था। यह विशेषता उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग करती थी कि वे कट्टर विरोध के बावजूद व्यक्तिगत मर्यादा नहीं तोड़ते थे। पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक, सभी ने उनके भाषण कौशल और बौद्धिक क्षमता की सराहना की। उस समय इंदिरा गांधी ने तो उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री तक कहा था। वे 10 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के सदस्य रहे। आपातकाल (1975-77) के दौरान उन्होंने जेल भी काटी। आपातकाल के बाद जनता पार्टी बनी और उसमें अटल जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, विचारधारात्मक मतभेदों के चलते 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ, जिसमें अटल जी को पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। भाजपा की स्थापना के बाद अटल ने उसे एक मजबूत वैकल्पिक राजनीतिक शक्ति के रूप में खड़ा किया। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। पहली बार 16 मई 1996 से 1 जून 1996 (13 दिन की सरकार) इस अल्पकालिक सरकार ने बहुमत सिद्ध नहीं कर पाने के कारण इस्तीफा दे दिया। दूसरी बार वे अल्पकालीन में 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 तक और तीसरी बार



प्रधानमंत्री बने 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक। यह कार्यकाल पूर्ण अवधि का था और इस दौरान उन्होंने भारत के आर्थिक विकास, अवसंरचना निर्माण और विदेश नीति को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया था।

1998 में पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों ने भारत को विश्व की परमाणु शक्तियों की पंक्ति में खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने के लिए उन्होंने फरवरी, 1999 में दिल्ली-लाहौर बस सेवा शुरू की थी, जो आज भी कूटनीतिक इतिहास में साहसिक पहल मानी जाती है। हालांकि इसके तुरंत बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने करगिल में भारतीय सीमा में घुसपैठ कर ली तब पाकिस्तानी सैनिकों को भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। इसके बाद एक बड़ी घटना वाजपेयी सरकार में कंधार हाइजैक हुई। 24 दिसंबर को पाकिस्तान स्थित चरमपंथी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन के लोगों ने आईसी-814 विमान का अपहरण कर लिया था। काठमांडू से दिल्ली आ रहे इस विमान में 176 यात्री और चालक दल के 15 लोग सवार थे। अपहरणकर्ता इस विमान को कंधार ले गए। विमान में सभी बंधकों को रिहा करने के बदले भारत सरकार से तीन चरमपंथी मुश्ताक अहमद जरगर, अहमद ओमार सईद शेख और मौलाना मसूद अजहर को रिहा किया। 13 दिसंबर, 2001 को पांच चरमपंथियों ने भारतीय संसद पर हमला कर दिया। इस हमले में पांचों चरमपंथी और कई सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। इसके बाद पाकिस्तान की कमान परवेज मुशर्रफ के हाथों में आ गई, वाजपेयी ने तब भी रिश्ते को सुधारने के लिए बातचीत को तरजीह दी, आगरा में दोनों नेताओं के बीच हाई प्रोफाइल मुलाकात हुई भी हालांकि ये बातचीत नाकाम हो गई थी। अटल बिहारी वाजपाई केवल राजनेता नहीं थे, वे एक संवेदनशील कवि भी थे। उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां 'हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं'। आज भी युवाओं में ऊर्जा और आशा का संचार करती हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, और आर्थिक उदारीकरण को गति देना उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां रहीं। शिक्षा और दूरसंचार सुधार में अटल जी ने सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की, जिससे प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा मिला। उन्होंने दूरसंचार क्षेत्र में निजीकरण और उदारीकरण को प्रोत्साहित किया, जिससे मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं का विस्तार हुआ।

वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी को उनके अतुलनीय योगदान के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हुए। 1992 में उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से नवाजा गया। कई विश्वविद्यालयों ने उन्हें डॉक्टरेट की उपाधियां भी प्रदान की। 2015 में उन्हें भारत रत्न मिला। उनकी विरासत केवल योजनाओं या नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी राजनीति की है जहां संवाद, सहमति और संवेदनशीलता सर्वोपरि हों। वाजपेयी जी लंबे समय तक अस्वस्थ रहे और उनका निधन 16 अगस्त 2018 को एम्स, नई दिल्ली में हुआ। उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी कार्यशैली, उनका साहित्य, उनकी दूरदर्शिता और उनकी राष्ट्रभक्ति सदैव भारतवासियों के दिलों में जीवित रहेगी। अटल बिहारी वाजपेयी जी का 101वां जन्मदिवस हमें यह स्मरण करवाता है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि सेवा, संयम और सिद्धांतों का माध्यम हो सकती है। आज जब राजनीति में कटुता और विभाजन बढ़ रहा है, वाजपेयी जी का जीवन हमें शालीनता, सहिष्णुता और राष्ट्रप्रेम का मार्ग दिखाता है।

( लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

**तुलसी पूजन दिवस**

महेन्द्र तिवारी



# तुलसी : दैनिक आराधना से पर्यावरण रक्षा तक

भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अत्यंत विशिष्ट और बहुआयामी रहा है। वह केवल एक औषधीय पौधा या घर के आंगन की शोभा ही नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और जीवन-दर्शन का जीवंत प्रतीक है। तुलसी को 'वृंदा' और 'हरिप्रिया' के रूप में साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। तुलसी पूजन दिवस का महत्व इसी सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक स्पष्ट होता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि भारतीय परंपरा में प्रकृति और ईश्वर को कभी अलग नहीं माना गया। धार्मिक आस्था के साथ-साथ तुलसी पूजन दिवस का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद में तुलसी को 'अमृततुल्य' माना गया है और उसे 'औषधियों की रानी' कहा गया है। तुलसी के पत्ते श्वसन तंत्र, पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को इस प्राचीन औषधीय ज्ञान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी है। "हर घर तुलसी, स्वस्थ घर का संकल्प इस बात का प्रतीक है कि भारतीय समाज फिर से अपने आयुर्वेदिक ज्ञान को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह आंदोलन तुलसी को केवल पूजा का विषय न बनाकर दैनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है। तुलसी पूजन दिवस का आधुनिक स्वरूप वर्ष 2014 के बाद सामने आया, जब इसे 25 दिसंबर को एक संगठित सांस्कृतिक अभियान के रूप में मनाने का आह्वान किया गया। इस तिथि का चयन प्रतीकात्मक महत्व रखता है, जिस दिन विश्व का एक बड़ा हिस्सा क्रिसमस डे मनाता है, उसी दिन तुलसी पूजन से एक वैकल्पिक उत्सव दृष्टि प्रस्तुत की गई। यह संदेश स्पष्ट है कि उत्सव केवल उपहारों, सजावट और उपभोग तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे आत्मसंयम, प्रकृति-संरक्षण और आंतरिक संतुलन का भी माध्यम हो सकते हैं। यह किसी अन्य संस्कृति के विरोध का प्रयास नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक दृष्टि को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का तरीका है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से तुलसी पूजन दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वायु प्रदूषण और घटता हरित क्षेत्र आज की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे समय में तुलसी जैसे छोटे पौधे का महत्व असाधारण हो जाता है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करने, ऑक्सीजन उत्सर्जन और कीटाणुनाशक गुणों के लिए जानी जाती है। इस दिवस पर होने वाले सामूहिक पौधरोपण अभियान शहरी जीवन में हरियाली लौटाने की प्रेरणा देते हैं। बालकनी, छत या घर के छोटे से कोने में लगाया गया तुलसी का पौधा एक 'मिनी ग्रीन जोन' का निर्माण करता है। जब एक बच्चा अपने माता-पिता के साथ तुलसी का पौधा लगाता है, तो वह केवल एक पौधा नहीं रोपता, बल्कि अपने भीतर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना भी विकसित करता है। तुलसी पूजन दिवस इस व्यक्तिगत जिम्मेदारी को सामूहिक चेतना में बदलने का कार्य करता है।

सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी तुलसी पूजन दिवस की भूमिका महत्वपूर्ण है। तेजी से बढ़ते पश्चिमीकरण और उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों के बीच भारतीय युवाओं का अपनी परंपराओं से दूर होना एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में तुलसी पूजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह दिवस सिखाता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि संतुलन में रहकर ही समाज को सशक्त बना सकते हैं। घर में तुलसी के बहाने होने वाली दैनिक पूजा, ध्यान और मंत्र-जप मानसिक तनाव को कम करते हैं और पारिवारिक सामंजस्य को बढ़ाते हैं। सामूहिक भजन-कीर्तन और पारिवारिक सहभागिता व्यक्ति को एकाकीपन से बाहर निकालकर समाज से जोड़ती है। अंततः तुलसी पूजन दिवस केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह हमें सोचने पर विवश करता है कि हम किस प्रकार के उत्सव चाहते हैं, केवल उपभोग पर आधारित या जीवन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील। 25 दिसंबर को तुलसी पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि संस्कृति स्थिर नहीं होती, वह समय के साथ संवाद करती है और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालती है। यदि यह दिवस हमें अधिक संयमित, अधिक संवेदनशील और अधिक प्रकृति-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है, तो इसका महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय स्तर पर भी अत्यंत व्यापक और स्थायी हो जाता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित

**दर्शन**

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागरूक ग्राहक बनें

24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में वर्ष 2000 से हर वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और जागरूक करना भी है। वर्ष 1986 के 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में संशोधन भी किया गया। हमारे देश में सरकारें लोगों को बाजारी धोखाधड़ी से बचने के लिए कायदे कानून और इसके प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रयास करती हैं। लेकिन सरकारों के यह प्रयास निरर्थक हैं जब तक लोग इसके प्रति गंभीर नहीं होते। बिना बिल के तो कोई सामान लेना ही नहीं चाहिए। सचेत रहना जरूरी है। *-धनुष कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# रूस समर्थक हैकर का फ्रांस की डाक सेवा पर साइबर हमला

रूस समर्थक एक हैकर समूह ने क्रिसमस से कुछ दिन पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा की पार्सल डिलीवरी ठप करने वाले बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। अभियोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एसोसिएटेड प्रेस को जारी बयान में बताया कि साइबर अपराध समूह 'नोनेम057' की ओर से हमले का दावा किए जाने के बाद फ्रांस की खुफिया एजेंसी डीजीएसआई (डीजीएसआई) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। इस समूह पर यूरोप में अन्य साइबर हमलों का भी आरोप है जिनमें नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान और फ्रांसीसी सरकारी वेबसाइटों पर किए गए हमले शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में यह समूह एक बड़े यूरोपीय पुलिस अभियान का भी निशाना बना था। कंपनी ने कहा कि फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा 'ला पोस्ट' के केंद्रीय कंप्यूटर सिस्टम सोमवार को साइबर हमले में ठप हो गए थे, जिन्हें बुधवार सुबह तक पूरी तरह बहाल नहीं किया जा सका। हमले के कारण डाककर्मी पार्सल डिलीवरी को ट्रैक नहीं कर पा रहे थे और कंपनी की बैंकिंग शाखा में ऑनलाइन भुगतान सेवाएं भी बाधित रहीं। यह 'ला पोस्ट' के लिए साल के सबसे व्यस्त मौसम में बड़ा झटका था।

## ऑफ बीट

# वैज्ञानिक ने समझाया क्रिसमस पुडिंग की मिठास का विज्ञान

क्रिसमस हर किसी के लिए अलग-अलग मायनों में खास होता है। मेरे लिए यह वह समय है जब मैं साल भर न मिलने वाले खास व्यंजन खा सकता हूं



जैसे कि ग्लेज्ड हैम और खासतौर पर पकाई गई क्रिसमस पुडिंग। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस पारंपरिक डेज़र्ट के पीछे कौन-सी रासायनिक प्रक्रियाएं काम करती हैं? क्रिसमस पुडिंग भाप में पकाई जाने वाली मिठाई है जिसमें सूखे मेवे, चीनी, आटा, वसा, मसाले, अंडे और अल्कोहल होता है। इसे आमतौर पर पहले से बनाकर रखा जाता है और फिर परोसने से पहले दोबारा भाप में गर्म किया जाता है। आधुनिक पुडिंग में किशमिश, करंट, सुल्ताना जैसे सूखे अंगूर और ग्लेज़्ड चेरी व साइट्रस पील जैसे कैन्डी फ्रूट का उपयोग किया जाता है। सूखे फलों में ताजे फलों की तुलना में अलग स्वाद होते हैं। कई स्वाद यौगिक तो खो जाते हैं, लेकिन एंजाइमेटिक ब्राउनिंग, वसा अम्लों और प्राकृतिक रंगों के रासायनिक रूपांतरण से नए स्वाद बनते हैं। कैन्डी फ्रूट को चीनी की चाशनी में गर्म किया जाता है जिससे उसमें मौजूद पानी चीनी से बदल जाता है और वह एक मीठा लेकिन कम रंगीन फल बन जाता है। यह मीठा वातावरण सूक्ष्मजीवों के लिए प्रतिकूल होता है।

## ट्रेंड

### विरासत के संरक्षण को कृतसंकल्प



देश की महान विभूतियों की विरासत के सम्मान और संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। गुरुवार को लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'भारत टैक्सी' आएगी



जल्द ही सहकारी मॉडल पर आधारित 'भारत टैक्सी' देश में आएगी, जिससे होने वाला मुनाफा सीधें ड्राइवरों के पास जाएगा और उन्हें बीमा जैसी अनेक सुविधाओ का लाभ भी दिया जाएगा। इससे ड्राइवरों का भविष्य सुरक्षित होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### समाजवादी पार्टी अस्त-व्यस्त



समाजवादी पार्टी तितर-बितर व अस्त-व्यस्त हो चुकी है। उसने अराजकता का जो तांडव खड़ा किया था उसके लिए कौन दोषी था? दुर्दांत माफिया और अपराधियों के प्रति सरकार की क्या नीति होनी चाहिए, सरकार ने वह करके भी दिखाया है।'

-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### सेंगर को जमानत शर्मनाक



क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? क्या उसकी 'गलती' यह है कि वह न्याय के लिए आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है? उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक व शर्मनाक है।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# खेल के मैदान से बेटियां तय कर रही हैं समाज की नई दिशा : प्रो. सुदेश

**हरियाणा बॉक्सिंग संघ की एलाइट महिला चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन, कुलपति प्रो. सुदेश ने बढ़ती महिला भागीदारी को सराहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश मुख्य ने कहा कि आज की बेटी केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेलों, रक्षा सेवाओं, विज्ञान और प्रशासनिक सेवाओं में भी अपनी पहचान बना रही है। बॉक्सिंग जैसे कठिन और दमदार खेल में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि वे अब हर क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

प्रो. सुदेश गोहाना में आयोजित हरियाणा बॉक्सिंग संघ की 6वीं राज्य स्तरीय एलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचीं थी। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल के मैदान पर बेटियों का आत्मविश्वास, संकल्प और अनुशासन समाज के लिए नई दिशा तय कर रहा है। खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका है, जो अनुशासन, धैर्य, मानसिक मजबूती और टीम भावना विकसित करता है। उन्होंने माताओं-पिताओं और अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर दें, क्योंकि परिवार का विश्वास ही खिलाड़ी को सबसे बड़ी ताकत देता है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां सीमित संसाधनों के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, जो प्रेरणादायक है और खेल अधोसंरचना को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता को दर्शाता है। इस मौके पर साई के रिजनल डायरेक्टर साई शिवम शर्मा ने कहा कि महिला मुक्केबाजों का बढ़ता आत्मविश्वास और फिटनेस स्तर हरियाणा को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि साई द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं, वैज्ञानिक सपोर्ट और उन्नत खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां से निकलने वाली प्रतिभाएं भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। वहीं हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव ओमबीर हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की बेटियों ने बॉक्सिंग में अपनी क्षमता और अनुशासन से नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि संघ लगातार जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के साथ अपने खेल को निखारने का संदेश दिया।

दूसरी ओर महिला मुक्केबाजों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल जज्बा दिखाया। जय बाला जी स्पोर्ट्स अकादमी में 20 दिसंबर से शुरू हुई इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक बाउट्स देखने को मिलीं। फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक जितेंद्र हुड्डा, अकादमी के अध्यक्ष अनिल मोर और मुख्य प्रशिक्षक नवीन हुड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती कुलपति प्रो. सुदेश साथ में अन्य।

विजय हजारे ट्राफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : 3 धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी

एजेंसी ⏭ रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।



## कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

## रोहित की शतकीय पारी



**जयपुर।** विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए । इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे। सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए। मुंबई ने सिक्किम को करारी शिकस्त दी ।

## बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, गनी ने सबसे तेज शतक लगाया

**रांची।** बिहार ने मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए। बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली।

**वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी** : वैभव सूर्यवंशी ने बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। सूर्यवंशी ने 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं।

## ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

आईसीसी रैंकिंग

# सूर्यकुमार को झटका, टॉप 10 से बाहर, तिलक ने लगाई छलांग

एजेंसी ⏭ दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी की रैंकिंग में सूर्या लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। हालांकि राहत की बात ये है कि तिलक वर्मा ने एक और छलांग मारी है।



## तिलक वर्मा को फायदा

इस बीच भारत के तिलक वर्मा ने छलांग मारी है। अब तिलक वर्मा एक स्थान की उछाल के साथ नंबर तीन पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर 805 की हो गई है। इस बीच तिलक वर्मा के आगे जाने से कुछ बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है। श्रीलंका के पथुम निसंका एक स्थान के नुकसान के साथ अब नंबर 4 पर चले गए हैं, उनकी रेटिंग 779 की है। इंग्लैंड के जॉस बटलर 770 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर अपना कब्जा जमाए हुए हैं।

## सूर्यकुमार 13वें स्थान पर फिसले

इस बीच साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक डेवाल्ड ब्रेविस पांच स्थानों की छलांग के साथ सीधे नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 680 की हो गई है। डेवाल्ड पहली बार टॉप 10 में अपनी जगह बनान में कामयाब हुए हैं। बात अगर सूर्यकुमार यादव की करें तो वे लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हुए हैं। वे अब सीधे तीन स्थानों के नुकसान के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की। संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।



# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं। इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। तीस वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



*आईडब्ल्यूएल*

## नीता एफए ने सेसा को हराया प्यारी खाका ने लगाई हैट्रिक

**कोलकाता।** प्यारी खाका की हैट्रिक की बदौलत नीता फुटबॉल अकादमी ने सेसा फुटबॉल अकादमी को 6-1 से हराकर 'इंडियन वुमैन्स लीग' (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 अभियान में अपनी पहली जीत दर्ज की। खाका शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर (पहले, 71वें और 74वें मिनट) में हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नीता एफए की टोगो की फॉरवर्ड अमीरातौ एनजंबारा (25वें और 60वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि मिडफील्डर भूमिका देवी (छठे मिनट) ने एक गोल किया। सेसा की घाना की फॉरवर्ड डायना एंटवी (90+3वें मिनट) ने आखिर में एक गोल किया।

## *रोहतक रॉयल्स ने कबड्डी चैंपियंस लीग से पहले सुरेंद्र नाडा को मुख्य कोच नियुक्त किया*

**रोहतक।** रोहतक रॉयल्स ने कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) के शुरुआती सत्र से पहले बुधवार को सुरेंद्र नाडा को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। भारतीय कबड्डी की सम्मानित हस्ती नाडा ने एक बयान में कहा कि मैं रोहतक रॉयल्स के मुख्य कोच की जिम्मेदारी पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह टीम एक ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है जहां कबड्डी की गहरी जड़ें हैं और मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि कबड्डी चैंपियंस लीग एक शानदार मंच है और हमारा लक्ष्य पहले ही सत्र से उच्च मानक स्थापित करना होगा।









समुद्र प्रताप का चित्र

### यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम

# आधुनिक हथियार व रिमोट कंट्रोल गन से लैस स्वदेशी पोत तटरक्षक बल में शामिल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक बल ने पहला स्वदेशी नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' (यार्ड 1267) अपने बेड़े में शामिल किया है। यह पोत आधुनिक हथियारों से लैस है। इन आधुनिक हथियारों में 30 मिमी सीआरएन -91 गन और दो 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन शामिल हैं। पोत में कई उन्नत तकनीक लगाई गई हैं। यह जहाज इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें उच्च क्षमता वाली बाहरी अग्निशमन प्रणाली भी मौजूद है।

बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह दो पोतों की परियोजना का पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना है। यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम है।

**पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना**

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'समुद्र प्रताप' के निर्माण ने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूत किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'समुद्र प्रताप' भारतीय तटरक्षक का सबसे बड़ा पोत है। इसे विशेष रूप से समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और आपदा प्रतिक्रिया के लिए तैयार किया गया है। तटरक्षक बल में तैनात किए गए इस जहाज की लंबाई 114.5 मीटर और चौड़ाई 16.5 मीटर है। यह पोत भारतीय तटरक्षक का पहला जहाज है जिसमें डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम (डीपी-1) लगा है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण हैं। ऑयल फिंगर प्रिंटिंग मशीन, रासायनिक पदार्थों का पता लगाने वाला जाइरो-स्टेबलाइज्ड डिटेक्टर और प्रदूषण विश्लेषण की प्रयोगशाला सुविधा इस जहाज में शामिल हैं। भारतीय तटरक्षक बल का 'समुद्र प्रताप' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित है।

### गाढ़े तेल को निकालेगा

साथ ही यह गाढ़े तेल से प्रदूषक निकालने के काम को भी अंजाम दे सकता है। यह जहाज समुद्र में दूषित पानी से तेल अलग करने और समुद्र में व्यापक प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाने में भी सक्षम है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही भारतीय नौसेना में 'अंजदीप' नामक एक आधुनिक एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट भी शामिल किया गया है। नौसेना को सौंपा गया यह तीसरा एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट है। यह नौसैनिक जहाज पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। सोमवार को चेन्नई में यह नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था।


सिले हुए पोत का दृश्य

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे फ्लैग ऑफ

# सिला हुआ पोत कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर 29 दिसंबर को निकलेगा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का सिला हुआ प्राचीन पोत आईएनएसवी कौंडिन्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को फिर से जीवंत कर रहा है। पोरबंदर से मस्कट और बाली तक की यह यात्रा भारत के प्राचीन समुद्री व्यापार और नौसैनिक शक्ति की कहानी बताती है।

भारतीय नौसेना का पहला सिला हुआ पोत यानी स्टिच्ड शिप आईएनएसवी कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर इसी महिने की 29 दिसंबर को निकलेगे,यात्र की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह फ्लैग ऑफ करके करेंगे। यात्रा की शुरुआत पोरबंदर से शुरु होकर ओमान के मस्कट तक जाएगी।

जानकारी के मुताबिक आईएनएसवी कौंडिन्य एक ऐसा जहाज है जो भारती कि प्राचीन समुद्री परंपराओं की याद को ताजा रखे हुए है।

**आईएनएसवी कौंडिन्य से दुनिया को दिखेगा भारत का समुद्री इतिहास**

### पोरबंदर से 14 दिन में मस्कट पहुंचेगा

*इन रस्सियों को देशी गोंद से जोड़ कर बनाया गया है. कभी ऐसी ही तकनीक का इस्तेमाल शिवाजी के कार्यकाल में हुआ करता था. आपको बता दे कि आईएनएसवी कौंडिन्य की यात्रा पोरबंदर से शुरु होकर चौदह दिनों के अंतराल में मस्कट पहुंचेगी। मस्कट पहुंचने के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य का बाली भी जाने का प्लान है। मस्कट से बाली की यात्रा का मकसद दुनिया को यह दिखाने से है कि कैसे हजारों साल पहले भारत में समुद्र मार्ग के जरीए व्यापार किया जाता था। पोरबंदर से मस्कट फिर बाली की यात्रा के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य को गुजरात के लोथल में मौजूद नेशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स में रखा जाएगा।*

# एंकर को हटाओ नहीं तो चैनल फूंक देंगे, उधर हादी के भाई ने कहा हसीना जैसा करेंगे हाल

**एजेंसी ▶▶ ढाका**

बांग्लादेश में हिंदुओं का सरेआम कत्ल करने के मामले में देश की अंतरिम सरकार के मुखिया यूनुस बेहद दबाव में हैं। धमकी और हिंसा के बीच बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रोथोम आलो और डेली स्टार पर हमलों के बाद अब ग्लोबल टीवी को आग लगाने की धमकी दी गई है। हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग को लेकर कथित छात्र समूह ने दबाव बनाया, जिससे पत्रकारों में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के प्रमुख निजी टीवी चैनल ग्लोबल टीवी बांग्लादेश को आग लगाने की धमकी दी गई है। इसके बाद पत्रकार समुदाय में गहरी चिंता फैल गई है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले देश के दो बड़े अखबार प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के दफ्तरों पर भीड़ ने हमला कर आगजनी की थी। 21 दिसंबर को युवकों का एक समूह ढाका के तेजगांव इलाके में स्थित ग्लोबल टीवी के दफ्तर पहुंचा। इस समूह ने खुद को 'एंटी-डिसक्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट' से जुड़ा बताया और चैनल की हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग की। आरोप है कि युवकों ने चेतावनी दी कि अगर मुन्नी को पद से नहीं हटाया गया तो चैनल के दफ्तर को भी उसी तरह जला दिया जाएगा, जैसा हाल ही में प्रोथोम आलो और डेली स्टार के साथ हुआ। नाजनीन मुन्नी ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि घटना के वक्त वह दफ्तर में मौजूद नहीं थीं।

### बांग्लादेश में धमकियों का सिलसिला शुरू... यूनुस पर भारी दबाव


अखबारों के दफ्तर पहले जला दिए थे अब दूसरों को धमकी दे रहे। (इंसर्ट में) एंकर नाजनीन

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर करीब 2,500 हमले

*अगस्त 2024 में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल और अन्य रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगस्त 2024 से जून 2025 तक हिंदुओं पर 2,442 से ज्यादा हमले हुए, जिनमें मंदिरों पर तोड़फोड़, घर जलाना और हत्याएं शामिल हैं। इनमें से कई हत्याएं राजनीतिक बदले या कथित ब्लास्फेमी (ईशनिंदा) के आरोप में हुईं।*

### हादी के भाई ने दी धमकी कहा- हटाने में देर नहीं लगेगी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस मुश्किलों में घिर गए हैं। एक ओर जहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमलों को लेकर पूरी दुनिया में उनकी आलोचना हो रही है तो वहीं हादी के भाई ने उन्हें सत्ता से हटाने की धमकी दी है। उस्मान हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने मोहम्मद यूनुस को ही हत्या का आरोपी बताया है।

# तमिलनाडु में बस ने 2 कारों को कुचला 9 लोगों की मौत

**कडलूर।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया। इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर चढ़कर दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया और दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई किलोमीटर तक जाम लग गया। करीब दो घंटे बाद क्रेन से वाहन हटाकर यातायात चालू किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।






### अरुणाचल को भारत का हिस्सा बताने की सजा


**चीन ने भारतीय ब्लॉगर को हिरासत में लिया, 15 घंटे पानी भी नहीं दिया**

**बीजिंग।** अरुणाचल प्रदेश का भारत का हिस्सा बताने पर चीन में भारतीय ब्लॉगर अनंत मत्तिल को करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा गया। इस दौरान उसे खाना और पानी नहीं देकर मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। अरुणाचल को लेकर पिछले एक महीने में ये दूसरी बार है जब चीन ने बदमाशी की है। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय नागरिक को शंघाई एयरपोर्ट पर हिरासत में रखा गया था। भारतीय ब्लॉगर ने एक वीडियो बनाकर अब इसकी जानकारी दी है। उसने कहा है कि चीन के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 15 घंटे से ज्यादा समय तक उसे हिरासत में रखा गया। यह घटना 16 नवंबर 2025 को हुई, जब दिल्ली के रहने वाले 'ऑन रोड इंडियन' नाम के एक यूट्यूबर चीन के लिए निकले और फिर उन्हें हिरासत में रखा गया।

# शराब और धुआं रहित तंबाकू की वजह से भारत में 62 प्रतिशत भारतीयों को कैंसर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**


फाइल फोटो

भारत में मुंह के कैंसर की बड़ी वजह शराब के साथ धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन है। बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया।

स्टडी के अनुसार, भारत के 10 में से छह से ज्यादा लोग स्थानीय स्तर पर बनी शराब के साथ ही गुटखा, खैनी और पान जैसे धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन करने के कारण मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं। महाराष्ट्र में सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी और होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि दिन में 2 ग्राम से कम बीयर पीने से बक्कल म्यूकोसा कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, जबकि दिन में 9 ग्राम शराब जो लगभग एक मानक ड्रिंक के बराबर है से मुंह के कैंसर का खतरा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ जाता है। जब इसे चबाने वाले तंबाकू के साथ मिलाया जाता है, तो यह देश में ऐसे सभी मामलों में से 62 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

ओपन-एक्सेस जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में विस्तार से बताए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि भारत में सभी बक्कल म्यूकोसा कैंसर के 10 में से एक से ज्यादा मामले (लगभग 11.5 प्रतिशत) शराब के कारण होते हैं। मेघालय, असम और मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में इसके मरीजों की संख्या ज्यादा है। कहीं-कहीं तो इसकी दर 14 प्रतिशत तक है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25